हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

तापमान

अधिकतम 36.7 डिग्री

न्यूनतम 25.9 डिग्री

# टोल पर झोल, फिटनेस, बीमा नहीं कराने वाले फंस रहे, 40 हजार को कोर्ट से चालान

*टोल में एएनपीआर तथा हाईवे में परिवहन विभाग के लगे पौने दो सौ कैमरों से की जा रही निगरानी*

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परिवहन विभाग अब नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ जुर्माना की राशि नहीं पटाने वालों के खिलाफ कोर्ट के माध्यम से चालान भेज कर जुर्माना वसूल रहा है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने वाले अब तक 40 हजार वाहन मालिकों को कोर्ट के माध्यम से चालान भेजा गया है। कई ऐसे लोग भी हैं, जिन्हें ऑनलाइन जुर्माने की राशि जमा करना नहीं आता। ऐसे लोगों के लिए परिवहन विभाग ने सभी जिलों के परिवहन कार्यालय में हेल्प डेस्क खोला है। बावजूद इसके जो जुर्माने की राशि जमा नहीं कर रहे, उनको कोर्ट के माध्यम से चालान भेजा जा रहा है। परिवहन विभाग का यह डेटा जनवरी से लेकर 31 मार्च तक का है।

### एएनपीआर कैमरे से पहचान

अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के अनुसार परिवहन विभाग राज्य के सभी टोल प्लाजा में स्वचलित नंबर प्लेट (एएनपीआर) पहचान कैमरा लगाए हुए है। जिन गाड़ियों की पीयूसी, फिटनेस तथा बीमा की राशि जमा नहीं हुई रहती, एएनपीआर कैमरा ऐसी गाड़ियों की पहचान कर तत्काल जुर्माना काट कर वाहन मालिक को मैसेज भेज देता है। एएनपीआर कैमरा की जद में आने के 15 मिनट के भीतर गाड़ी मालिक को जुर्माना की जानकारी मिल जाती है।



### पौने दो सौ कैमरे के बाद अब और इतने लगाए जा रहे

मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन कर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने हर जगह ट्रैफिक पुलिस के साथ परिवहन विभाग के कर्मचारियों की तैनाती नहीं की जा सकती। इसीलिए राज्य के पौने दो सौ स्थानों में परिवहन विभाग ने अलग से कैमरा लगाए हैं। इसके साथ ही आगामी तीन माह के भीतर 320 स्थानों पर और कैमरा लगाने की तैयारी अंतिम चरण पर है।

### *हादसों पर अंकुश लगाने लगाए जा रहे कैमरा*

*विधानसभा में पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक पिछले वर्ष राज्य में सड़क दुर्घटना में छह हजार से ज्यादा लोगों की मौतें हुई थीं। इस लिहाज से राज्य में हर दिन सड़क दुर्घटना में औसतन 16 से 17 लोगों की मौतें हो रही हैं। हादसे का कारण अनफिट गाड़ियों के साथ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना है। हादसों पर अंकुश लगाने कैमरा लगाए जा रहे हैं। इससे रफ्तार पर अंकुश लगेगा।*

### लेडर बेस्ड स्पीड कैमरा लगाए जा रहे

एनएपीआर के साथ परिवहन विभाग लेडर बेस्ड स्पीड कैमरा लगा रहा है। रायपुर के तेलीबांधा, वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर तथा मंदिर हसौद थाना के सामने इसी सप्ताह लेडर बेस्ड स्पीड कैमरा इंस्टाल किया गया है। इस कैमरे की मदद से पांच सौ मीटर दूर से गाड़ी के नंबर के साथ स्पीड रिकार्ड हो जाता है। परिवहन विभाग के अफसरों के अनुसार सात दिनों के भीतर मंदिर हसौद में ओवर स्पीड के पांच सौ से ज्यादा केस रजिस्टर्ड किए जा चुके हैं। इनमें ज्यादातर ट्रक है। गाड़ी नंबर के आधार पर संबंधितों को ऑनलाइन चलान भेजे जा रहे हैं।

### ओवर स्पीड के ज्यादा प्रकरण इन मार्गों पर

ट्रैफिक पुलिस तथा परिवहन विभाग द्वारा लगाए गए कैमरे में ओवर स्पीड के जो डेटा मिले हैं, उसके मुताबिक ओवर स्पीड के ज्यादा प्रकरण मंदिर हसौद के साथ नवा रायपुर में सामने आए हैं। इन मार्गों पर अधिकतम गति सीमा 110 से 120 की रही है। नेशनल हाईवे में अधिकतम गति सीमा 80 से 100 के बीच होना चाहिए। शहर के अंदर जीई रोड पर अधिकतम गति सीमा 70 रिकार्ड की गई है।

## खबर संक्षेप

### हत्या की कोशिश के फरार आरोपी के खिलाफ इनाम की घोषणा

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में हत्या की कोशिश सहित अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज अपराध के फरार आरोपी के खिलाफ कोर्ट के निर्देश पर रायपुर पश्चिम के डीसीपी संदीप पटेल ने पांच सौ रुपए इनाम की घोषणा की है। डीसीपी ने महावीर नगर, शिव वाटिका गुरुनानक पार्क निवासी रंजीत सिंह गिल के खिलाफ इनाम की घोषणा की है। रंजीत पर आरोप है कि उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर एक व्यक्ति पर 16 अगस्त 2025 को जानलेवा हमला किया था। घटना के एक साल बाद भी आरोपी के पकड़े नहीं जाने पर पुलिस ने उसके लिए इनाम की घोषणा की है।

### मोहल्ले में नशा करने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना में एक युवक ने दो बदमाशों के खिलाफ मोहल्ले में नशा करने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मौलीपारा निवासी शंकर यादव ने मोनू खान, गोलू उड़िया के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शंकर ने पुलिस को बताया है कि मोहल्ले में दोनों बदमाश नशा कर रहे थे, जहां बदमाश नशा कर रहे थे, उस क्षेत्र से महिलाएं आवाजाही करने से डर रही थीं। मना करने पर बदमाशों ने शंकर के साथ मारपीट की।

### कारोबारी पर चाकू से जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार



**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में बुधवार रात मोबाइल कारोबारी पर चाकू से जानलेवा हमला करने के संदेह में पुलिस ने राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। गोविंद रचलानी की शिकायत पर पुलिस ने अनुज सिंह तथा नवीन पैंकरा को गिरफ्तार किया है। कारोबारी अपनी एक परिचित युवती के साथ दो अलग-अलग दोपहिया पर सवार होकर श्यामनगर के रास्ते जा रहे थे। इस दौरान दोनों बदमाशों ने युवती के साथ गाली-गलौज की। कारोबारी के विरोध करने पर बदमाश, गोविंद पर चाकू से जानलेवा हमला कर मौके से फरार हो गए थे। बदमाशों को पुलिस ने घटना स्थल पर मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार किया है।

*कैसे चलेगा चावल उत्सव?*

# तीन माह का चावल लेने पहुंचे, पर स्टॉक नहीं, खाली हाथ लौटना पड़ा

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीन महीने का एक साथ चावल वितरण व्यवस्था से एक ओर जहां उचित मूल्य की दुकानों में हितग्राहियों की भीड़ लग रही है, वहीं दूसरी ओर दुकानों में चावल का स्टॉक नहीं होने के कारण हितग्राहियों को खाली हाथ भी लौटना पड़ रहा है। यह स्थिति गुरुवार को भी राजधानी रायपुर की कई दुकानों में भी बनी रही। दुकानों में चावल का पर्याप्त मात्रा में भंडारण नहीं किए जाने का मुख्य कारण नागरिक आपूर्ति निगम में लगी ट्रांसपोर्ट एजेंसियों को बताया जा रहा है, जिनके द्वारा बहुत कम संख्या में गाड़ियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

प्रदेश में 7 अप्रैल से चावल उत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत अप्रैल, मई और जून का चावल एक साथ हितग्राहियों को वितरण किया जा रहा है। इसके लिए शासन ने पूर्व में ही खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम एवं मार्कफेड के अधिकारियों को सभी राशन दुकानों में पर्याप्त मात्रा में चावल का भंडारण सुनिश्चित करने निर्देश दिए थे। इसके बाद भी दुकानों में चावल का भंडारण करने में विलंब किया जा रहा है, जिसके कारण हितग्राहियों को परेशान होना पड़ रहा है। विभागीय सूत्र के अनुसार राशन दुकानों में अप्रैल का लगभग 60-65 प्रतिशत चावल का भंडारण किया जा चुका है, लेकिन मई और जून का चावल 25 प्रतिशत भी भंडारण नहीं हो पाया है। इसके कारण दुकानों में हर दिन हितग्राहियों की भीड़ लगने के बाद भी कई दुकानों से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

### कलेक्टर भी कर रहे पीडीएस दुकानों का निरीक्षण

कलेक्टर गौरव सिंह भी शहर के भ्रमण के दौरान पीडीएस दुकानों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसके तहत वे दुकानों में स्टॉक की जांच भी कर रहे हैं, और जहां कमी मिल रही है।

उन दुकानों में पर्याप्त मात्रा में तत्काल स्टॉक सुनिश्चित करने के निर्देश दे रहे हैं।सूत्रों से पता चला है कि कलेक्टर के भ्रमण के दौरान भी कुछेक दुकानों में चावल का स्टॉक खत्म हो गया था। दुकानदार ने नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम में चावल भेजने की मांग भी की थी, लेकिन चावल दुकान में भेजा नहीं था।



### कई दुकानों में चावल, शक्कर-नमक का स्टॉक नहीं

हरिभूमि ने गुरुवार को पड़ताल की तो पता चला कि कई दुकानों में चावल, शक्कर एवं नमक का स्टॉक खत्म हो गया है। इन दुकानदारों ने वाट्सप ग्रुप के माध्यम से खाद्य विभाग के इंस्पेक्टरों से लेकर नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को जानकारी भी दी है, लेकिन उनकी दुकानों में स्टॉक भेजा नहीं गया है।

- केस :1 – दुकान आईडी 1297 में चावल, शक्कर एवं नमक नहीं है।
- केस :2– आईडी 1146 में भी चावल, शक्कर एवं नमक नहीं है।
- केस :3– आईडी 1356 में चावल, शक्कर एवं नमक नहीं है।
- केस :4– आईडी 1197 में बीपीएल कोटे का चावल नहीं है।
- केस :5– आईडी 1021 में बीपीएल एवं एपीएल कोटे का चावल नहीं है।

## राइजिंग पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत, आज 6 घंटे का रहेगा शटडाउन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट के क्लीयर वाटर डीई राइजिंग पाइप लाइन में लीकेज मरम्मत का कार्य शुक्रवार को किया जाएगा। पचपेड़ी नाका और तेलीबांधा थाना के सामने लीकेज मरम्मत के लिए 6 घंटे का शटडाउन लेने की वजह से शहर की 11 पानी टंकियों से लोगों को 10 अप्रैल को जल आपूर्ति नहीं होगी। शुक्रवार की सुबह जल प्रदाय के बाद मरम्मत काम के कारण शाम को 11 पानी टंकियों से जल आपूर्ति ठप रहेगी। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद शनिवार को जलप्रदाय नियमित रूप से होने लगेगा।



- 11 पानी टंकियों से जल आपूर्ति रहेगी ठप

पचपेड़ी नाका और तेलीबांधा थाना के सामने लीकेज मरम्मत कार्य के लिए 6 घंटे का शटडाउन शुक्रवार को लिया जाना है। जल कार्य विभाग कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया कि रिपेयेरिंग कार्य के कारण 150 एलएलडी प्लांट से भरने वाली पानी टंकियों लालपुर, अमलीडीह, अवंति विहार, मंडी पानी टंकी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, कचना, आमासिवनी और देवपुरी तथा जोरा पानी टंकी से 10 अप्रैल को सुबह जल प्रदाय होने के बाद शाम के समय जल आपूर्ति नहीं होगी। लीकेज मरम्मत का कार्य पूरा होने के बाद 11 अप्रैल को संबंधित 11 पानी टंकियों से लोगों को नियमित रूप से पानी मिलने लगेगा।

## आधार नंबर से लिंक नहीं बैंक अकाउंट तो रोकी जाएगी छात्रवृत्ति व फेलोशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छात्र यदि किसी भी तरह की स्कॉलरशिप या फेलोशिप ले रहे हैं, तो अब उनके लिए आधार नंबर अनिवार्य होगी। यूजीसी ने भुगतान से जुड़ा एक नया नियम लागू कर दिया है, जिसके तहत अब पैसा सिर्फ उसी खाते में आएगा जो आधार से जुड़ा होगा। यानी अब बिना आधार लिंक किए पैसे मिलना मुश्किल हो सकता है। यूजीसी ने फैसला लिया है कि अब सभी स्कॉलरशिप ▶▶|शेष पेज 13 पर

- यूजीसी ने जारी किए स्कॉलरशिप के लिए नए दिशा-निर्देश

### जारी हुई एडवाइजरी

अब सभी छात्रों को स्कॉलरशिप एंड फेलोशिप मैनेजमेंट पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी अपडेट करनी होगी। छात्रों के लिए अपने आधार नंबर को बैंक खाते से लिंक करना और उसे पोर्टल पर अपडेट करना अनिवार्य है। यदि छात्रों ने अभी तक अपने आधार नंबर को बैंक खाते से लिंक नहीं किया है तो उन्हें जल्द ऐसा करने की सलाह दी गई है, क्योंकि इसके बिना आगे मिलने वाली स्कॉलरशिप रुक सकती है। यदि छात्र प्रक्रिया समझ नहीं पा रहे हैं, तो उनके लिए पोर्टल पर पूरी प्रक्रिया चरणबद्ध रुप से दी गई है। छात्र इसे देखकर आसानी से अपना आधार अपडेट कर सकते हैं। जरूरत पड़ने पर छात्र संबंधित ईमेल पर भी मदद मांग सकते हैं।

### निर्धारित तिथि तक पूर्ण करनी होगी प्रक्रिया

यूजीसी ने इसके लिए 15 अप्रैल 2026 तक का समय दिया है। इस तारीख से पहले छात्रों को हर हाल में अपना आधार लिंक और अपडेट पूरा करना होगा। इसके बाद नोडल ऑफिसर्स को 20 अप्रैल तक सभी छात्रों के आधार डिटेल्स को चेक और अप्रूव करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि अगले फाइनेंशियल ईयर 2026–27 में पेमेंट समय पर हो सके। अगर तय समय तक अपना आधार लिंक नहीं किया, तो छात्रों अथवा शोधार्थियों की स्कॉलरशिप या फेलोशिप का पैसा अटक सकता है। दूसरे राज्यों के कुछ विश्वविद्यालयों में पहले ही यह नियम लागू कर चुके हैं। विशेष यूजीसी-नेट फेलोशिप लेने वाले छात्रों के लिए यह पहले से जरूरी किया जा चुका है। अब इसे पूरे देश में लागू किया जा रहा है।

## हाईपर क्लब में 'हाईपर' हुए बदमाश, जमकर चले लात घूंसे

- बुधवार देर रात की घटना, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल
- घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की, देर रात संचालित क्लब, होटल में कार्रवाई की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मारपीट तथा विवाद के नाम से चर्चित हाईपर क्लब में बुधवार देर रात युवक-युवतियों के बीच आपसी विवाद पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है। घटना में शामिल तीन संदिग्धों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मौके पर जब पुलिस कार्रवाई करने पहुंची, उस समय भी नशे में धुत्त युवक-युवती एक दूसरे के साथ धक्का-मुक्की करते नजर आए।

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके ▶▶|शेष पेज 13 पर



### लगातार नियमों की धज्जियां उड़ा रहे

क्लब, बार तथा होटल से लेकर ढाबा का संचालन रात 12 को बंद करने का नियम है। बावजूद इसके संचालक नियमों की अनदेखी कर देर रात तक होटल, बार तथा क्लब का संचालन कर रहे हैं। पिछले दिनों पुलिस ने वीआईपी रोड स्थित एक फर्जी कैफे में छापे की कार्रवाई की थी। इसके अलावा सेरीखेडी स्थित पियानो क्लब में एक इन्फ्लुएंसर द्वारा युवतियों को जबरन शराब पिलाने का मामला सामने आया था, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था।

### पुलिस के सामने भिड़ते नजर आए युवक-युवती

पुलिस के क्लब में पहुंचने पर दोनों पक्ष बाहर निकल आए और पार्किंग में ही एक-दूसरे को गालियां देते हुए धक्का-मुक्की करने लगे। मौके पर उपस्थित दोनों ग्रुप के युवक-युवती पुलिसकर्मियों के सामने आपस में भिड़ते रहे। मौके पर उपस्थित पुलिस कर्मियों ने दोनों ग्रुप को समझाकर एक दूसरे से अलग किया। बताया जा रहा है, क्लब बंद होने के बाद बाहर निकलते समय पवन सिंह राजपूत ने किसी युवती के साथ छेड़छाड़ की। इसके बाद विवाद बढ़ गया और बात हाथापाई तक पहुंच गई।

### *रेप के आरोप में सौतेले पिता को उम्रकैद*

*रायपुर। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व किशोरी के साथ रेप के आरोप में किशोरी के सौतेले पिता को विशेष न्यायाधीश अच्छेलाल काछी की पाक्सो कोर्ट ने उम्रकैद के साथ चार लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक डागेश्वर प्रसाद साहू के अनुसार वर्ष 2013 में पति के छोड़ जाने के बाद किशोरी की मां ने प्रेम विवाह किया। किशोरी की मां ने जिसके साथ प्रेम विवाह किया था, उसने अपनी सैतेली बेटी के साथ रेप किया। फरवरी 2024 में स्कूल में बैड और गुड टच के बारे में बच्चों को बताया जा रहा था, उसी दौरान पीड़िता ने सबसे पहले दुष्कर्म के बारे में शिक्षकों को बताया। उसके बाद प्राचार्य ने नोटिस देकर परिवार को बुलाया और इसके बारे में जानकारी दी। इसके बाद किशोरी की मां ने थाने में अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।*




गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और

कमाएं

₹10,000 प्रति माह + इंसेंन्टिव

योग्यता- 12वीं से स्नातक

मात्र 6 घंटे का आसान काम और फिर आराम ही आराम

ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।

स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय :

पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा रायपुर

मो. 9827555678, 8224868411


## राजधानी में कब और कहा ट्रैफिक दबाव, बताएगा गूगल

# गूगल मैप से अब ट्रैफिक की निगरानी, जारी हुआ हेल्प लाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के ज्यादातर आउटर से लेकर सिटी के व्यस्त मार्गों पर लोगों को आए दिन पीक टाइम में जाम से जूझना पड़ता है। इससे लोगों का समय खराब होने के साथ बेवजह परेशान होना पड़ता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस गूगल मैप से लोगों को जाम के बारे में जानकारी देगी। साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर 9479210632 जारी किया है। जाम लगने पर लोग ट्रैफिक पुलिस के हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ट्रैफिक पुलिस ने नो पार्किंग के साथ शहर के व्यस्त मार्गों पर भारी तथा मध्य मालवाहक वाहनों की एंट्री पर रोक लगाई है। बावजूद इसके शहर के कई व्यस्त मार्गों पर ट्रैक्टर के साथ मध्य मालवाहक वाहनों की अभी भी बेधड़क आवाजाही हो रही है। सदर बाजार सहित कई इलाकों में स्कूल छूटने के बाद स्कूल बसों से बच्चों को छोड़ने जाने के दौरान जाम की स्थिति निर्मित होती है। मोड़ में या तिराहा में गाड़ी मोड़ने के दौरान जाम लगता है। नेताजी चौक से कटोरातालाब, राजेंद्र नगर जाने वाले मार्ग पर पार्किंग की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने से सामान खरीदने जाने वाले लोग अपनी कार सड़क पर ही पार्क कर देते हैं। इसके कारण इस मार्ग पर पूरे दिन रुक रुककर जाम की स्थिति निर्मित होती है।

### आईटीएमएस के माध्यम से ट्रैफिक की निगरानी

आईटीएएमस के माध्यम से ट्रैफिक की निगरानी करने के साथ रियल टाइम गूगल मैप के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक की जानकारी देने ट्रैफिक पुलिस ने व्यवस्था की है। लोग गूगल मैप के माध्यम से ट्रैफिक की जानकारी हासिल कर जिस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा, उस रूट से आवाजाही कर जाम से मुक्ति पा सकेंगे।



### मैप में रंगों के माध्यम से मिलेगी जानकारी

**हरा-** यातायात सुचारू रूप से संचालित।

**पीला** - यातायात की गति मध्यम है।

**लाल** - अत्यंत धीमी गति से चल रही है या ट्रैफिक सिग्नल पर रुका हुआ है।

**मैरून** - यातायात पूर्ण रूप से बाधित है।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों को मिला जीवनरक्षक प्रशिक्षण

**रायपुर।** जिला प्रशासन रायपुर एवं रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा रायपुर के संयुक्त प्रयास से "प्रोजेक्ट सुरक्षा" कार्यक्रम के अंतर्गत जीवनरक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को 67 शिक्षा विभाग के सहायक शिक्षक एवं प्रधान पाठकों को प्राथमिक उपचार किट के उपयोग और सीपीआर तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा रायपुर के सहायक प्रबंधक देवप्रकाश कुर्रे ने प्रशिक्षण का संचालन करते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक तकनीकों की महत्ता को समझाया। उन्होंने सीपीआर की विस्तृत विधि का व्यवहारिक प्रदर्शन किया। साथ ही यह बताया कि कैसे सांस रुकने या हृदय गति बंद होने जैसी गंभीर स्थितियों में समय रहते सही तरीके से दी गई सहायता किसी व्यक्ति की जान बचा सकती है।

### तीन साल के बच्चे के गले से बाहर निकाला सिक्का

**रायपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि मुंगेली विकासखंड के ग्राम कोसमतरा निवासी 3 वर्षीय हिमांशी साहू ने खेल-खेल में अचानक एक सिक्का निगल लिया, जो उसके गले की आहार नली में फंस गया। बच्ची को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां एक्स-रे जांच में पुष्टि हुई कि बच्ची के गले की आहार नली में सिक्का फंसा हुआ है। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने बिना देर किए दूरबीन (एंडोस्कोपिक) तकनीक से सफल ऑपरेशन कर बच्ची के गले से सिक्का सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

# अरुण साव बोले- असम में ऐतिहासिक तीसरी बार बनेगी एनडीए की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि असम में स्पष्ट बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनने जा रही है। वहां पर राज्य की 126 विधानसभा सीटों पर मतदान हो रहा है और लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र के 9 विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी पार्टी ने मुझे सौंपी थी। पिछले ढाई महीनों से कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लगातार काम किया। प्राप्त रुझानों के अनुसार मतदान शांतिपूर्ण रहा है और मतदाताओं में भाजपा के पक्ष में भारी उत्साह देखा जा रहा है, जिससे तीसरी बार एनडीए सरकार बनने जा रही है।

श्री साव ने पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर कहा, वहां भाजपा का हर कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में डटा हुआ है। उन्होंने कहा, राज्य की जनता वर्तमान सरकार की नीतियों से परेशान है और कानून-व्यवस्था की स्थिति संतोषजनक नहीं है। महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं के भविष्य को लेकर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा, प्रदेश में परिवर्तन की लहर चल रही है और भाजपा के पक्ष में माहौल बन रहा है।




## बंगाल में भी डटे हुए हैं भाजपा के कार्यकर्ता





### सड़क, पुल, पुलिया का काम तेजी से हो रहा

उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री श्री साव ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में लोक निर्माण विभाग को 9 हजार करोड़ रुपए से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इसके तहत राज्य में सड़कों के उन्नयन, मजबूती और नई सड़कों के निर्माण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहुंचविहीन गांवों तक सड़क, पुल और पुलिया पहुंचाने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है, जिससे आवागमन की सुविधा बढ़ेगी और विकास को गति मिलेगी। श्री साव ने बताया, नेशनल ट्राइबल गेम्स के शुभारंभ अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के समक्ष खेल विश्वविद्यालय की स्थापना सहित कई मांगें रखीं। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार से सकारात्मक सहयोग की उम्मीद है। राज्य में खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों के विकास के लिए केंद्र का सहयोग मिलने से छत्तीसगढ़ में खेलों को नई दिशा मिलेगी।

# साय बोले- पीएम को बताया बस्तर के विकास का रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दो दिवसीय दिल्ली दौरे से गुरुवार को लौटने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हुई। नक्सलवाद की समाप्ति के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 4 दशकों के नक्सलवाद से बस्तर मुक्त हुआ है, वहां अब विकास कार्य किस तरह किए जाएंगे, इसकी जानकारी प्रधानमंत्री को दी।



माना एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भी मुलाकात हुई। असम के चुनाव को लेकर उन्होंने कहा, भाजपा की बहुत अच्छी स्थिति रहेगी। असम में सरकार बनेगी। भाजपा के लिए अच्छी स्थिति है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री साय ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान बस्तर के समग्र विकास का एक विस्तृत और दूरदर्शी ब्लूप्रिंट सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री को मानसून के बाद बस्तर आने का आमंत्रण दिया, जहां उनकी मौजूदगी में कई बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण प्रस्तावित है।

### मुख्य सचिव ने लोक सेवा गारंटी की सेवाओं के क्रियान्वन की समीक्षा की

# समय सीमा में सेवाएं नहीं दी तो अधिकारी होंगे उत्तरदायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्य सचिव विकासशील ने मंत्रालय में छत्तीसगढ़ शासन के समस्त विभागों के भारसाधक सचिव की बैठक लेकर विभागों के अंतर्गत छत्तीसगढ़ लोक सेवा गांरटी अधिनियम के अंतर्गत विभागीय सेवाओं के क्रियान्वन समीक्षा की। मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि उनके विभाग के अंतर्गत ऐसी सभी सेवाएं जो सीधे जनता से जुड़ी हैं, उन सभी सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अधिसूचित की जाये तथा अधिसूचित सेवाओं को ऑनलाइन किया जाये।

समय सीमा में सेवाओं का लाभ हितग्राही को दिया जाए। समय सीमा में सेवाएं यदि नहीं दी जाती हैं तो संबधित अधिकारी को उत्तरदायी ठहराया जायेगा और उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाई की जायेगी। उन्होंने कहा, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जायेगा। मुख्य सचिव ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत जनता से जुड़ी सभी शासकीय सेवाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर सेवाएं प्रदान करना है।

## जनता से जुड़ी सभी सेवाएं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के दायरे में हो- सीएस





### विभाग की सेवाओं को अधिसूचित कराएं

सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सचिव राहुल भगत ने प्रस्तुतिकरण के जरिए विभिन्न विभागों की लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया की छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन विभाग द्वारा विभिन्न राज्यों में जाकर लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं का अध्ययन किया गया है। राज्य के परिपेक्ष में प्रदाय की जा रहीं समान्तर सेवाओं एवं संबंधित विभागों की सेवाओं की सांकेतिक रूप से मैपिंग की गई है। उन्होंने अधिकारियों से कहा, वे अपने विभाग की और सेवाओं को चिन्हित कर अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित करने के लिए प्रस्तावित करें।

### सेवाओं की सूची उपलब्ध कराएं

मुख्य सचिव ने प्रत्येक विभाग के अंतर्गत लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सेवाओं की वर्तमान स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों के कहा, वे अपने विभाग के अंतर्गत और सेवाएं जो अधिनियम के अंतर्गत लायी जा सकती है, उन्हे चिन्हित कर अधिसूचित कर ली जाएं और सुशासन एवं अभिसरण विभाग को इसकी सूची उपलब्ध की जाएं।

## नई योजनाओं पर निर्णय

# कैबिनेट 15 को, बस्तर के विकास की रणनीति पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नया वित्तीय वर्ष लागू होने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट की पहली बैठक 15 अप्रैल को होगी। बैठक में नए बजट आवंटन के बाद विभागों की नई योजनाओं पर निर्णय लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक मंत्रालय में सुबह 11:30 बजे होगी। बैठक में राज्य सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं और प्रशासनिक निर्णयों पर चर्चा की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार इस बैठक में प्रदेश के विकास कार्यों, मानसून पूर्व की तैयारियों और लंबित भर्ती प्रक्रियाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हो सकता है। साथ ही, कुछ नई जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर भी कैबिनेट की सहमति ली जा सकती है। बस्तर में नक्सल हिंसा में लगाम के बाद वहां पर विकास की नई रणनीति पर चर्चा की जाएगी। नक्सलवाद क्षेत्र के आदिवासियों के आर्थिक विकास और उनके जीविकोपार्जन की योजनाओं को लागू करने संबंधी नए निर्णय होंगे।

### सरप्लस धान विक्रय पर लगेगी मुहर

धान खरीदी पूरी होने के बाद केंद्रीय पूल में चावल जमा करने के बाद बचत 8 लाख टन से अधिक धान की नीलामी का निर्णय मंत्रिमंडलीय उप समिति ने लिया है, उस पर मुहर लगने की संभावना है।

### वृंदावन हॉल में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम 23 को

**रायपुर।** कवि राजेश जैन राही की प्रथम पुस्तक 'पिता छांव वट-वृक्ष की' के तीसरे संस्करण का विमोचन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन सभागार में 23 अप्रैल को शाम 5 से रात्रि 8 बजे होगा। प्रस्तुत संस्करण में पिता पर लिखे गए 401 दोहे हैं। पुस्तक प्रतिष्ठित श्वेतवर्णा प्रकाशन दिल्ली द्वारा प्रकाशित हुई है।

### इतिहासकार आचार्य रमेंद्रनाथ मिश्र "ज्ञान भारतम् मिशन" के तहत सम्मानित

**रायपुर।** सुप्रसिद्ध इतिहासकार आचार्य रमेंद्रनाथ मिश्र को "ज्ञान भारतम् मिशन" के अंतर्गत भारतीय सांस्कृतिक धरोहर एवं प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया। कलेक्टर गौरव सिंह,



नगर निगम आयुक्त विश्वदीप तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिस्वरंजन, एसडीएम नंदकुमार चौबे द्वारा आचार्य मिश्र के निवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान अधिकारियों ने आचार्य मिश्र के दुर्लभ संग्रहालय एवं ग्रंथालय का अवलोकन भी किया।




PLAY HOME HEIGHTS PUBLIC SCHOOL RAIPUR
PLAY HOME HEIGHTS PUBLIC SCHOOL
Capital City, Phase-I, Vidhansabha Road, Saddu, Raipur
CGBSE Affiliation No. - 182261
21 Years of Excellence
FOR SESSION 2026-2027
ADMISSION OPEN
Nursery to XII
MATHS, BIO , COMMERCE, ARTS
(with additional subjects -
IT, Health Care and Physical Education)
ABC
SPECIAL BLOOMING CLASSES
Special Classes for
1. Under Developed Children
2. Children with Speech Challenges
3. Children with Behavior Challenges
4. Children with Special Abilities
5. Visual impairment and Hearing impairment
01 COMMITTED FOR EXCELLENCE
02 EXPERIENCED & DYNAMIC TEACHERS
03 Providing certificate course in Health care, IT and Physical Education
04 BUS FACILITY
05 DIGITAL CLASS ROOMS
06 NO DONATION
Capital City, Phase-I, Vidhansabha Road, Saddu, Raipur
Mo: 93031 22269, 93293 50460, 7000100552
playhomeheightpublicschool99
Play home height
Play home heights public school, Raipur

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अभनपुर।** नेशनल हाईवे रायपुर रोड छोटे उरला मोड़ के पास सुबह 11 बजे करीब एक अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसायकल सवार व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। अभनपुर थाने से मिली जानकारी अनुसार मृतक राजेश यदु उम्र 45 वर्ष उपरपारा अभनपुर निवासी है वह सुबह घर से दूध बेचने के लिए निकला था,वापिस घर आते समय यह दुर्घटना हो गई,बताया गया कि मृतक के परिवार मे उसकी 5 बच्चियां है वह सभी उसी के ऊपर आश्रित थे। मृतक का पंचनामा उपरांत शव को परिजनो को सौप दिया गया है तथा अभनुपर पुलिस अज्ञात वाहन के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना की जा रही है।

### आयुर्वेदिक अस्पताल भवन उन्नयन के लिए निर्देश जारी

**कूंरा।** कुँवरगढ़ महोत्सव पर नगर पंचायत कुंरा के नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू द्वारा जर्जर हो चुके आयुर्वदिक अस्पताल भवन का उन्नयन की मांग रखी गई थी जिस पर रविवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जी से मिलकर उन्हें इस हेतु पत्र सौंपा जिस पर मंत्री जी द्वारा तत्काल कार्यवाही हेतू अधिकारियो को निर्देशित किया जिसके लिए नगर अध्यक्ष गोविंद साहू एवं अंजय शुक्ला जी ने मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट किया है ।

### बिहान मिशन के तहत डंगनिया में आजीविका सेवा केंद्र प्रारंभ

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत ग्राम डंगनिया में आजीविका सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अभनपुर के सभापति ब्रह्मानंद साहू ने श्रीफल तोड़कर केंद्र का उद्घाटन किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच रोशनी साहू ने की। इस अवसर पर ब्रह्मानंद साहू ने बताया कि इस केंद्र में किसानों और ग्रामीणों को किफायती दर पर बीज, खाद, कीटनाशक, सब्जी-फल के बीज, ड्रोन सेवा, पशु वैक्सीनेशन, कृत्रिम गर्भाधान, मुर्गी व मछली पालन से जुड़ी सामग्री उपलब्ध होगी। साथ ही भविष्य में मसाला, धान एवं तिलहन प्रसंस्करण की सुविधाएं भी प्रारंभ की जाएंगी। उन्होंने महिलाओं को केंद्र से जुड़कर लाभ लेने और अपनी आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान सचिव शंभु साहू द्वारा ग्राम पंचायत में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग भी रखी गई। इस दौरान क्लस्टर अध्यक्ष धनेश्वरी साहू, सचिव चंद्रिका साहू, निलेश बघेल, आजीविका जिला अधिकारी श्री सुमित, ब्लॉक अधिकारी राकेश बघेल, सोहद्रा ध्रुव, जितेंद्र साहु , पटवारी गोस्वामी जी,मोहिनी साहू, रामेश्वरी साहू, विनीता साहू, शिव कुमारी साहू, योगेश्वरी चंद्राकर, छोटू साहू, अमरिका जांगड़े, अर्चना साहू, पूर्णिमा ध्रुव, निर्मला यदु, भगवती साहू, कृति पाटकर, जमुना सूर्यवंशी एवं उन्नति महिला क्लस्टर संगठन से जुड़ी कृषि सखी, उद्योग सखी, पशु सखी एवं महिला ग्राम संगठन पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

# राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रतिभागियों ने बनाई गणितीय आकृतियों की रंगोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा -सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोहका-नेवरा में दो दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि, तार्किक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं रचनात्मकता के विकास के उद्देश्य से आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती एवं श्रीनिवास रामानुजन के माल्यार्पण के साथ हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एम.एल.वर्मा ने विद्यार्थियों को गणित के महत्व, तर्कशक्ति एवं जीवन में उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए निरंतर अध्ययन एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पुरुषोत्तम झा, प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय, कोमाखान (छ.ग.) उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक व्याख्यान में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन, उनके योगदान तथा गणितीय चिंतन की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसी दिन विद्यार्थियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने गणितीय आकृतियों, संख्याओं एवं रचनात्मक डिजाइनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के द्वितीय दिवस डॉ. भुनेश्वरी वर्मा एवं डॉ. नियति गुरुद्वान, गणित विभाग, शासकीय जे. वाय. छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यार्थियों को गणित के व्यावहारिक महत्व, तार्किक सोच तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित की भूमिका के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए गणितीय मॉडल प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता तथा ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### सत्यनारायण अग्रवाल शास.कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में शानदार आयोजन



#### ज्ञानवर्धक रहा कार्यक्रम

कार्यक्रम का सफल संचालन देहुति साहू के द्वारा समन्वयक दिनेश कुमार बंजारे, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण, निर्णायकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में डॉ संध्या लांजेवर के द्वारा सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक, ज्ञानवर्धक एवं उत्साहवर्धक सिद्ध हुआ। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर तथा एन सी एस टी सी, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित था।

### सियासत : कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

# युकां का किसान न्याय सत्याग्रह शुरू ट्रेड डील्स है एक काला कृषि कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

केंद्र सरकार की कथित किसान विरोधी नीतियों और विवादित ट्रेड डील्स के खिलाफ रायपुर जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस ने आरपार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया, सह प्रभारी मोनिका मांडरे के निर्देश पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया एवं युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के मार्गदर्शन में गुरुवार को आरंग विधानसभा क्षेत्र में "किसान न्याय सत्याग्रह" के प्रथम दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और किसानों के हितों की रक्षा के लिए संकल्प लिया। सत्याग्रह को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के प्रवक्ताओं और नेताओं ने केंद्र सरकार की हालिया व्यापारिक संधियों पर तीखा हमला बोला। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ये ट्रेड डील्स और कुछ नहीं, बल्कि /"काले कृषि कानून 2.0/" का ही एक नया और भयावह रूप हैं। आरोप लगाया गया कि इन समझौतों के माध्यम से देश के अन्नदाता की आजीविका को कॉरपोरेट घरानों के हाथों गिरवी रखने की साजिश रची जा रही है।

■ अन्नदाता की आजीविका को कॉरपोरेट घरानों के हाथों गिरवी रखने की साजिश

#### न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दें



सत्याग्रह के दौरान युवा कांग्रेस ने दो सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर अपना पक्ष रखा है।जिसमें युवा कांग्रेस ने मांग की है कि किसानों को उनकी फसल का उचित दाम दिलाने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को तत्काल कानूनी दर्जा दिया जाए, ताकि कोई भी किसानों का शोषण न कर सके।साथ ही सरकार द्वारा किए जा रहे उन सभी व्यापारिक समझौतों को रद्द करने की मांग की गई, जो स्थानीय किसानों के बाजार और मुनाफे को प्रभावित कर रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद युवा नेताओं ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार लगातार किसानों के स्वाभिमान को चोट पहुँचा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सरकार अपनी किसान विरोधी नीतियों को वापस नहीं लेती, युवा कांग्रेस का यह सत्याग्रह और आंदोलन थमने वाला नहीं है। युवा कांग्रेस ग्रामीण के जिलाध्यक्ष सजल चंद्राकर ने कहा कि -/"किसानों का अपमान अब बर्दाश्त से बाहर है। यह लड़ाई सिर्फ आरंग या रायपुर की नहीं, बल्कि देश के हर उस हाथ की है जो मिट्टी से सोना उगाता है। हम 'काले कृषि कानून 2.0' को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देंगे।/" पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। /"जय जवान, जय किसान/" और /"किसान विरोधी यह सरकार, नहीं चलेगी अबकी बार/" जैसे नारों से आरंग का वातावरण जोश से भर गया। इस अवसर पर सजल चंद्राकर, खिलावन निषाद, शरद गुप्ता, ईश्वर पटेल, आर्यन जोशी, गणेश बंधे, भरत लोधी, दीपक चंद्राकर, पारस चंद्राकर, उपेंद्र साहू, कुलदीप लोधी, सौम्या सोनी, दीपांकन यादव, नरसिंह लोधी, विवेक जलक्षत्री, मनीष जलक्षत्री, तरुण मिश्रा, प्रणय कंडरा सहित रायपुर ग्रामीण जिला युवा कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, आरंग विधानसभा के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

# शिवांश स्कूल में विद्यारंभ संस्कार से नवप्रवेशी बच्चों की शिक्षा शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

नगर पंचायत कुँवरगढ़- कुंरा स्थित शिवांश इंटरनेशनल स्कूलमें नवप्रवेशित बच्चों के लिए 'विद्यारंभ संस्कार' का एक भव्य एवं गरिमामयी आयोजन किया गया। भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं को संजोते हुए आयोजित इस कार्यक्रम ने संपूर्ण विद्यालय परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्साह से सराबोर कर दिया। विद्यालय प्रशासन द्वारा आयोजित इस विशेष समारोह का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपनी जड़ों और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चारण के बीच हुआ। इस दौरान नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपने जीवन में पहली बार पट्टी और स्लेट पर ओम अक्षर अंकित किया। अपने अबोध हाथों से शिक्षा का प्रथम अक्षर उकेरने का यह दृश्य वहां मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों के लिए अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण रहा। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या सुश्री हिमांशी शर्मा ने विद्यारंभ संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यारंभ संस्कार केवल किताबी शिक्षा की शुरुआत मात्र नहीं है, बल्कि यह एक बालक के जीवन में ज्ञान, संस्कार और चरित्र निर्माण की लंबी यात्रा का प्रथम और सबसे महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विद्यालय का लक्ष्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को एक अनुशासित और सुसंस्कृत नागरिक बनाना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना की। उनका मानना था कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत होती है और उन्हें अपनी परंपराओं को समझने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस गरिमामयी आयोजन ने क्षेत्र में यह संदेश दिया कि आधुनिकता की दौड़ में अपनी संस्कृति को साथ लेकर चलना ही सच्ची शिक्षा है।

# पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत पीड़ित परिवार को मिली 2 लाख की मदद

**धरसींवा।** सामाजिक सरोकारों और जन-कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक ने एक बार फिर सराहनीय कदम उठाया है। बैंक द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत एक हितग्राही परिवार को संकट की घड़ी में संबल प्रदान करते हुए 2 लाख रुपये की क्लेम राशि का चेक प्रदान किया गया।



धरसींवा क्षेत्र की निवासी पूर्णिमा यादव के पति का असमय निधन हो जाने के बाद, उनके परिवार के सामने आर्थिक अनिश्चितता का पहाड़ खड़ा हो गया था। स्वर्गीय हितग्राही ने दूरदर्शिता दिखाते हुए छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक में अपना बीमा कराया था। इसी योजना की सार्थकता को सिद्ध करते हुए बैंक ने त्वरित कार्रवाई की और सहायता राशि की प्रक्रिया को पूरा किया। जनपद पंचायत धरसींवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष केशरवानी ने अपने कर-कमलों से पूर्णिमा यादव को 2 लाख रुपये का चेक सौंपा। इस दौरान श्री केशरवानी ने बैंक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ जब अंतिम व्यक्ति तक पहुँचता है, तभी प्रशासन और संस्थानों की मेहनत सफल होती है।

कार्यक्रम में ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक नवीन कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना मात्र एक कागजी योजना नहीं है, बल्कि यह एक सुरक्षा कवच है जो किसी मुखिया के न रहने पर उसके पीछे छूटे परिवार के आंसू पोंछने का काम करती है।

प्रबंधक श्री शर्मा ने आगे जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बीमा को लेकर जागरूकता की कमी है, जबकि बहुत ही मामूली वार्षिक प्रीमियम पर यह योजना उपलब्ध है। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे केवल बैंक को एक लेनदेन का माध्यम न समझें, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए इन योजनाओं से जुड़ें।




# विधायक इंद्र कुमार पर आरोप बदनाम करने की है साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

भाजपा विधायक इंद्र कुमार साहू पर लगाए जा रहे आरोपों को पूरी तरह निराधार और राजनीतिक साजिश करार देते हुए भाजपा मंडल चम्पारण-तामासिवनी के पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान जारी किया है। पदाधिकारियों ने कहा कि विधायक की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। जारी बयान में मंडल अध्यक्ष तोषण लाल साहू, महामंत्री आशाराम साहू व खिलेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष निर्मल साहू, उपाध्यक्ष जनपद आरंग रविंद्र चंद्राकर, रवि साहू, जनपद अभनपुर सभापति विवेक तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शोभाराम साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता साहू व रोशनी साहू सहित प्राधिकृत पदाधिकारी गौतम साहू, विष्णु साहू, बलराम साहू, प्रहलाद साहू, लीलूराम साहू, ओमकार साहू, ताराचंद तारक, जागेश्वर साहू, सावंत साहू, देखराम साहू ने हस्ताक्षर कर समर्थन जताया। भाजपा पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर देशभर में चल रहे संगठनात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत चम्पारण-तामासिवनी मंडल में भी प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इस दौरान विधायक इंद्र कुमार साहू को "मन की बात एवं जिज्ञासा" विषय पर कार्यकर्ताओं से संवाद करना था। बयान में कहा गया कि विधायक ने केवल संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से यह बात रखी थी कि कई बार चुनाव में हार का कारण विपक्ष नहीं बल्कि पार्टी के भीतर ही कुछ लोगों का भीतरघात होता है। इसे गलत तरीके से तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मोबाइल बंद रखने के निर्देश दिए जाते हैं और चर्चा को परिवार की तरह आपसी विचार-विमर्श के रूप में रखा जाता है। इसके बावजूद अंदरूनी बातों को बाहर ले जाना पार्टी के साथ गद्दारी के समान है।

# महानदी मुख्य नहर में बालिका डूबी, सात घंटे बाद मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

महानदी मुख्य नहर में नहाने गई एक किशोरी तेज बहाव में बह गई, जिसका शव करीब 7 घंटे बाद पानी में तैरता हुआ मिला।



घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खिलोरा (अभनपुर) निवासी परमेश्वर साहू की तीन लड़कियों में सबसे बड़ी 14 वर्षीय लड़की नम्रता साहू अपनी 4-5 सहेलियों के साथ ग्राम बिरबिरा स्थित नहर में नहाने गई थी। इसी दौरान सुबह करीब 9 बजे नहर के तेज बहाव में वह बह गई। साथ गई दो अन्य सहेलियों को समय रहते बचा लिया गया, लेकिन नम्रता को नहीं बचाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही आरंग पुलिस और रायपुर से गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंच गई। तेज बहाव के कारण खोजबीन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर जुट गए और तलाश अभियान में सहयोग करते रहे। करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों को नहर में किशोरी का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तत्काल शव को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए आरंग भेजा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। नम्रता साहू इस वर्ष कक्षा आठवीं की छात्रा थी और अपने बुआ के घर बिरबिरा आई हुई थी। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।


15
सांझा चूल्हा से अपनों की मदद...

लाइव इवेंट

## संकल्प प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ी, अब होगी 25 को



**रायपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास और सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इस बार कक्षा 9वीं में 40-40 विद्यार्थियों और कक्षा 10वीं, 11वीं व 12वीं में रिक्त सीटों के अनुसार विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र 15 अप्रैल को सभी विद्यालयों के प्राचार्य संकलित कर संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कर प्रवेश पत्र प्राप्त करेंगे। जो विद्यार्थी पहले फॉर्म भरकर जमा कर चुके हैं, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। अब प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में परीक्षा केंद्र होंगे। पूर्व में प्रवेश परीक्षा 12 अप्रैल को आयोजित होनी थी, जिसे स्थगित किया गया है। अब सभी कक्षाओं के लिए प्रवेश परीक्षा 25 अप्रैल को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### 25 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे

इस बार प्रवेश परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग की जाएगी। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक ग़लत उत्तर के लिए एक अंक काटे जाएंगे। कक्षा 9 वीं,10 वीं में प्रवेश परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जो पूर्व कक्षा के पाठ्यक्रम पर आधारित केवल विज्ञान और गणित विषय से संबंधित होंगे। इसी प्रकार कक्षा 11वीं व 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और मैथ्स विषयों के 25 -25 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। इस नए शिक्षण सत्र से गुणवत्ता बढ़ाने और जेईई व नीट में सफलता सुनिश्चित करने के लिए कई बदलाव किए गए हैं, जिसमें कक्षा 9 से ही एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से अध्यापन, प्रत्येक सप्ताह जेईई व नीट स्तर का टेस्ट, प्रत्येक माह एनटीए पैटर्न पर ऑनलाइन टेस्ट सभी कक्षाओं 9 से 12वीं तक लेना शामिल हैं।

मौसम के अनुरूप फीट रहने इंटीरियर डिजाइनर्स, पर्यावरणविद, वेटनरी डॉक्टर्स, डाइटिशियन्स से ले रहें परामर्श

# गर्मी की तपिश से बचने लाइफ स्टाइल में कर रहें बदलाव घर से लेकर पेट्स, गार्डन-खुद की देखभाल में जुटे लोग

*गर्मी के मौसम में अधिक तापमान से राहत पाने लोग तरह-तरह की जतन करते हैं। इसमें घर की तापमान को कंट्रोल करना, गार्डन के पौधों, पालतू जानवरों सहित स्वयं के सेहत का ध्यान रखना सबसे जरूरी समझते हैं। इसके लिए शहरवासी घर से लेकर स्वयं को तपिश से बचाने पर्यावरणविदों, इंटीरियर डिजाइनर्स, डायटिशियन, वेटनरी विशेषज्ञ, बागवानी विशेषज्ञों से उपाय जानने में जुट गए हैं, ताकि अप्रैल के बाद मई-जून की तेज धूप व तापमान से सुकून पा सकें।*

**रायपुर।** हरिभूमि ने शहर के ऐसे ही लोगों व विशेषज्ञों से बात की है, जो गर्मी में तेज तापमान से राहत पाने के उपाय किए हैं और परामर्श बताए हैं। इनमें शहर के जाने-माने पर्यावरणविद मोहन वर्ल्यानी हैं, जिनका कहना है कि घर में इंडोर पौधे रखकर गर्मी के दिनों में तापमान को 5 से 10 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। इसी तरह से पालतू पशुओं, गार्डन के पौधों और स्वयं के शरीर के तापमान को भी संतुलित रखने के तरीके विशेषज्ञों ने बताए हैं, जो इस प्रकार हैं।

### आउटडोर व इनडोर प्लांट्स को सूखने से ऐसे बचाएं

शहर की हरियाली दीदी पुष्पा साहू का कहना है कि घर के बालकनी, टेरिस गार्डन, होम गार्डन में लगे आउटडोर व इंडोर पौधों को गर्मी के तेज तापमान में हरा-भरा रखने व सूखने से बचाने के लिए सबसे पहले उनके जड़ों पर धूप पड़ने से रोकना होगा। इसके लिए गमलों में पौधों के जड़ों के ऊपर नारियल के रेशे या जुट के कपड़े से कवर कर रखें और सुबह व शाम दो टाइम अच्छे से पानी दें, ताकि पत्तों पर लगे धूल-डस्ट साफ हो सके। इससे उन्हें सांस लेने में मदद मिलेगी और उनमें ताजगी बनी रहेगी। ध्यान रखें, दोपहर में सिंचाई करने से बचें। इससे गर्मियों में पौधों को सूखने से बचाया जा सकता है।





### घर में पौधे, पर्दे का उपयोग और छत पर कोटिंग से तापमान कंट्रोल करें

इंटीरियर डिजाइनर मनोज शर्मा का कहना है कि गर्मी में घर को ठंडा रखने के लिए दिन में खिड़कियां-दरवाजे बंद रखें और पर्दे खासकर सफेद या हल्के रंग के इस्तेमाल करें। सुबह-शाम वेंटिलेशन के लिए खिड़कियां खोलें। छत पर सफेद पेंट रिफ्लेक्टिव कोटिंग करवाएं, घर में पौधे रखें और एयर कंडीशनर को 24-27 पर चलाएं। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक सूरज की सीधी किरणें रोकने के लिए खिड़कियों पर पर्दे, ब्लाइंड्स या बांस के शेड्स का उपयोग करें। छत पर सफेद चूने का लेप या हीट-रिफ्लेक्टिव पेंट करवाएं। आप छत पर कूलिंग शीट या टेरेस गार्डन भी बना सकते हैं। जब बाहर का तापमान घर के अंदर से कम हो तब खिड़कियां खोलें। दिन में गर्म हवा अंदर आने से रोकने के लिए बंद रखें। घर के अंदर और बालकनी में पौधे जैसे एरेका पाम, एलोवेरा रखें, ये प्राकृतिक रूप से हवा को ठंडा करते हैं।





### शरीर को हाईड्रेट रखने फ्लो करें हेल्दी डाइट चार्ट

शहर की जाने-माने डायटिशियन डॉ. सारिका श्रीवास्तव बताती हैं कि गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा और स्वस्थ रखना है तो मौसम के अनुकूल हेल्दी डाइट चार्ट फ्लो करना बहुत जरूरी है। समर हेल्दी डाइट चार्ट के मुताबिक खाने में तरल पेय पदार्थों की मात्रा को बढ़ाएं। सबसे पहले दिन भर में 3 से 4 लीटर पानी पिएं। हल्का भोजन के साथ सलाद शामिल करें। फल व मौसमी हरी सब्जियां अनिवार्य रूप से लें। इससे दिन भर भागदौड़ व तापमान के कारण शरीर में पानी की आपूर्ति बनी रहेगी और डीहाईड्रेशन से बच सकेंगे। इसके अलावा गुड़ का शरबत, दही, छाछ, नारियल पानी, गोंद कतीरा का शरबत, नींबू पानी, पुदीने का पानी, आमपना, सौंप का शरबत सबसे स्वस्थ एनर्जी ड्रिंक हैं, जो आप अपने किचन में तैयार कर सकते हैं। इन सबसे पानी की पूर्ति शरीर में बनी रहेगी और शरीर का तापमान संतुलित रहेगा। इस तरह खान-पान को संतुलित कर खुद के शरीर को हाईड्रेट रखकर गर्मी के दिनों में खुद को तरोताजा रख सकते हैं।



### पालतू पशुओं को गर्मी से बचाने रखें खास ख्याल

शहर के वेटरनरी डॉक्टर सुषमा शुक्ला का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में पालतू पशुओं व पक्षियों को लेकर लोग बड़ी सख्या में क्लीनिक आते हैं। उन्हें इन बेजुबानों का खास ध्यान रखने का परामर्श देते हैं। गर्मी के मौसम में पालतू जानवरों को हीटस्ट्रोक और डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए उन्हें पर्याप्त साफ़ पानी पिलाएं, ठंडी और छायादार जगह पर रखें और दोपहर की धूप में बाहर न निकालें। समय पर ग्रूमिंग बालों की ट्रिमिंग, हल्का भोजन पर ध्यान दें। सुबह जल्दी या शाम को देर से टहलाने ले जाएं। हल्का और सुपाच्य भोजन दें। दही, छाछ, या पानी की अधिकता वाले फल जैसे तरबूज, बीज निकालकर दे सकते हैं। यदि पालतू जानवर बहुत ज्यादा हांफ रहा है, लार टपका रहा है, सुस्त है या बेहोश हो रहा है तो तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करें।

सिटी इवेंट

## गोंडवाना कप पहुंचा रोमांचक दौर में खिलाड़ी आज होंगे सम्मानित



**रायपुर।** राजधानी में खेले जा रहे गोंडवाना कप एआईटीए, सीएसटीए ऑल इंडिया मेंस एवं विमेंस रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट अब अपने अंतिम और सबसे रोमांचक पड़ाव पर पहुंच गया है। गुरुवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रसाद इंगल ने श्रिवांत मुम्मडी को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। वहीं, दूसरे कड़े सेमीफाइनल में नैसिक रेड्डी ने अनुप बंगार्गी को 7-6 (7-5), 6-2 से पराजित किया। महिला एकल वर्ग के मुकाबलों में आयुषी तंवर ने स्निग्धा पतिबंडला को 7-6 (11-9), 6-0 से और साक्षी चौधरी ने थानिया सराय को एकतरफा मुकाबले में 6-0, 6-1 से मात देकर फाइनल का टिकट कटाया। युगल (डबल्स) मुकाबलों में भी दर्शकों को बेहतरीन टेनिस देखने को मिला। पुरुष युगल के सेमीफाइनल में अनुप और निरव की जोड़ी ने शौर्य और प्रत्युष की जोड़ी को 6-3, 6-3 से हराया, जबकि प्रसाद और परितोष ने रिशित और प्रबीर को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी। महिला युगल के पहले सेमीफाइनल में साक्षी और अनन्या की जोड़ी ने आयुषी और थानिया को बेहद कड़े और रोमांचक मुकाबले में 2-6, 7-6 (12-10), 10-7 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, दूसरे मैच में स्निग्धा और इरम की जोड़ी ने आनंदिता और मृणालिनी को आसानी से 6-1, 6-1 से पराजित किया।

### समापन में उप मुख्यमंत्री होंगे शामिल

छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के उपाध्यक्ष रूपेंद्र चौहान ने बताया कि गोंडवाना कप ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट 2026 के समापन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया है, जिसमें पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए एक-एक लाख रुपए की पुरस्कार राशि निर्धारित है। दोपहर 2:30 बजे से इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम, जोरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। समापन समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में आईटा के सेक्रेटरी जनरल अनिल धुपर, मनोरमा इंडस्ट्रीज के चेयरमैन आशीष सराफ, छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु द्विवेदी और महासचिव गुरुचरण सिंह होरा उपस्थित रहेंगे।



## विद्यार्थियों ने केनवास पर उकेरी कृतियां और सजाया रंगोत्सव

रंगों से खेलने का शौक तो बच्चों को होता ही है, लेकिन इस शौक को सही दिशा और मार्गदर्शन की जरूरत होती है। इससे बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में पीछे नहीं रहेंगे। गुरुवार को बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार पेंटिंग करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसका श्रेय उन समर्पित शिक्षकों को जाता है, जिन्होंने बच्चों की इस कला को निखारने के लिए मेहनत की है।




**रायपुर।** उक्त बातें महाराष्ट्र मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन ने कही। खंगन ने मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में मुंबई की संस्था द्वारा आयोजित रंगोत्सव व ड्राइंग प्रतियोगिता में स्कूल का नाम रोशन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि रंगोत्सव में शामिल प्रतिभागियों को पारितोषिक वितरण किया गया।

**बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में पीछे नहीं रहेंगे**

### शहर के नौ विद्यार्थियों को दिया गया पुरस्कार

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन दिसंबर में किया गया था। इसमें स्कूल के करीब 300 बच्चों ने भाग लिया था। इन बच्चों में से नौ का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ था। इसमें 10 शालाओं के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पुरस्कार के लिए विद्यालय से नौ छात्रों का चयनित किया गया। प्राचार्य ने आगे बताया कि चयनित विद्यार्थियों को श्याम सुंदर खंगन ने पुरस्कार दिया। इनमें तन्मय भगाड़े, यशना घनेता, पार्थ यादव, मानस दुर्गा, गौरव ध्रुव, प्राची टांगले, अविशा गुप्ता, रिहाना बघेल, यक्षी, शिवानी शामिल हैं। उनका गुरुओं ने उत्साहवर्धन किया।

## मैग्नेटो मॉल में 10 से 12 तक एजुकेशन एक्सपो

**रायपुर।** मैग्नेटो मॉल में 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक एजुकेशन एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूल, प्री-स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान एवं स्किल डेवलपमेंट एकेडमी भाग ले रहे हैं। यह आयोजन छात्रों और अभिभावकों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर लेकर आ रहा है, जहां वे एक ही स्थान पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपने लिए बेहतर विकल्प चुन सकते हैं। इस एक्सपो का मुख्य उद्देश्य उन छात्रों और परिवारों को मार्गदर्शन प्रदान करना है, जो अपने कॅरियर को लेकर असमंजस में हैं। यहां उपस्थित विशेषज्ञों और संस्थानों के प्रतिनिधियों के माध्यम से छात्रों को कॅरियर काउंसलिंग, कोर्स चयन और भविष्य की संभावनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। अविनाश मैग्नेटो मॉल ने सभी छात्रों, अभिभावकों एवं स्किल डेवलपमेंट की तलाश कर रहे युवाओं को इस एजुकेशन एक्सपो में शामिल होने की अपील की है, ताकि वे अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सही निर्णय ले सकें।

संस्कार भारती की सात दिवसीय 'युवा रंग साधक नाट्य कार्यशाला' का आगाज

कार्नर न्यूज

# नाट्य कार्यशाला में निखर रही युवाओं की प्रतिभा सीख रहे साहित्य, संवाद और मंच की बारीकियां

संस्कार भारती की ओर से कंकाली पारा स्थित आनंद समाज वाचनालय में सात दिवसीय 'युवा रंग साधक नाट्य कार्यशाला' का शुभारंभ हुआ। 8 से 14 अप्रैल तक चलने वाली इस कार्यशाला में शहर के लगभग 35 युवा प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिन्हें विशेषज्ञों द्वारा अभिनय, निर्देशन, लेखन और मंच विन्यास का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आगामी 'रंग संस्कार नाट्य महोत्सव' के लिए नाटकों का मंचन तैयार करना और नई पीढ़ी को रंगमंच की समृद्ध परंपरा से जोड़ना है।





**रायपुर।** कार्यशाला प्रतिदिन शाम 5 बजे से आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर वरिष्ठ कला साधक अनिल कालेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ रंगकर्मी रंजक मोड़क, फिल्म निर्देशक संपत चारी तथा एएएफटी यूनिवर्सिटी के सिनेमा विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक बैरागी शामिल हुए। पहले दिन विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को रंगमंचीय संप्रेषण (कम्युनिकेशन), थिएटर एक्सरसाइज, थिएटर से सिनेमा का सफर और वर्तमान समय में रंगमंच पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी।

### दूसरे दिन तकनीकी पहलुओं और साहित्य पर रहा जोर

कार्यशाला का दूसरा दिन युवाओं के उत्साह और कलात्मक ऊर्जा के नाम रहा। जहां पहले दिन प्रशिक्षण की नींव रखी गई थी, वहीं दूसरे दिन प्रतिभागियों ने उस 'शिल्प' को समझा जो एक साधारण कलाकार को मंझा हुआ 'रंगकर्मी' बनाता है। युवा कलाकारों ने स्पेस मैनेजमेंट, मंच का उपयोग, स्टेज क्राफ्ट, सीन वर्क और डिक्शन (शुद्ध उच्चारण) के गूढ़ रहस्य जानें। दूसरे दिन के सत्र को साहित्यकार और प्रमुख प्रशिक्षक कैलाश शादाब ने अपने अनुभवों से समृद्ध किया। उन्होंने सिंधी, हिंदी और उर्दू साहित्य के मर्म को समझाते हुए बताया कि एक श्रेष्ठ पटकथा और भाषाई समझ कैसे अभिनय में प्राण फूंक देती है। वहीं, युवा लेखक एवं निर्देशक किशोर वैभव ने नाटकों की संरचना और मंचन की सूक्ष्मताओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों से समझाया कि पर्दे के पीछे की तैयारी और मंच पर उसकी प्रस्तुति के बीच का संतुलन ही एक नाटक को सफल बनाता है।

## सिटी इवेंट

# जेल में बंदियों को गायत्री परिवार सिखा रहा जीवन प्रबंधन का गुर



**रायपुर।** केन्द्रीय जेल में विचाराधीन बंदियों के लिए गायत्री परिवार और ट्रस्ट के सहयोग से नौ दिवसीय नैतिक एवं व्यक्तित्व विकास के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को जेल में गायत्री परिवार ट्रस्ट से परिव्राजक नीलम सिन्हा द्वारा 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग के विचाराधीन बंदियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवा बंदियों के नैतिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे जीवन में सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर हो सकें। जेल अधीक्षक योगेश सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के अंतर्गत बंदियों को नैतिक शिक्षा, ध्यान-योग, व्यक्तित्व विकास, जीवन प्रबंधन एवं संस्कार निर्माण जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

### मन और मस्तिष्क में बसती है आध्यात्मिक शिक्षा

इस पहल के माध्यम से बंदियों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं सामाजिकता की भावना को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे वे भविष्य में समाज की मुख्यधारा में स्थापित हो सकेंगे। गायत्री परिवार के परिव्राजक नीलम सिन्हा ने बताया कि जेल में जिन बंदी भाइयों को व्यक्तित्व निर्माण, जीवन प्रबंधन और नैतिक शिक्षा की जानकारी दी जा रही है, निश्चित ही जेल में रहने और छूटने के बाद भी यह शिक्षा उनके जीवन में आगे बहुत काम आएगा। आध्यात्मिक शिक्षा मन और मस्तिष्क में बसता है। सभी को संस्कार देना, समाज को संस्कारित बनाना और परिवार को संस्कारित करना यह गायत्री परिवार का उद्देश्य है।

## धर्म लाइव

# समाज को सजग करने के लिए पहल, घर वापसी भी करवाएंगे



**रायपुर।** पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे प्रकरण सामने आए हैं, जिसमें धर्मांतरण से जुड़े विवादों के चलते सामाजिक तनाव और विभाजन की स्थिति उत्पन्न हुई। कई मामलों में चिंता व्यक्त की गई है कि आस्था परिवर्तन स्वैच्छिक न होकर प्रलोभन, दबाव या अनुचित प्रभाव के माध्यम से किया गया। इससे समाज के भीतर असंतुलन, सांस्कृतिक विघटन की स्थिति बनी। प्रदेश में देवांगन समाज के सैंकड़ों परिवार धर्मांतरण के शिकार हुए। छत्तीसगढ़ राज्य धर्म स्वातंत्र्य विधेयक पारित करने के लिए सरकार को साधुवाद देने आए हैं। इन्हीं संवादों के साथ देशव्यापी देवांग, देवांगन, कोष्टी, कोष्टा फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश देवांगन, प्रदेश संरक्षक धनेश देवांगन गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से मुखातिब हुए।

### धर्म परिवर्तन से बचाने का प्रयास किया जाएगा

उन्होंने बताया कि ऐसी परिस्थितियों में यह जरूरी था कि धर्म परिवर्तन से जुड़े विषयों को स्पष्ट विधिक ढांचे में लाया जाए, ताकि वास्तविक धार्मिक स्वतंत्रता सुरक्षित रह सके और उसके दुरुपयोग की संभावनाओं को रोका जा सके। हमने सामाजिक स्तर पर भी इसकी मांग की थी। अब विधेयक पारित होने के बाद धर्म परिवर्तन से बचाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए पदाधिकारियों को नए दायित्व दिए गए हैं। समाज के भटके हुए परिवारों को सनातन से जोड़ने का प्रयास वृहद स्तर पर किया जाएगा। इस विधेयक के पारित होने और दंडात्मक प्रक्रिया तय होने से समाज के लोगों को भटकने से रोक सकेंगे।

## समाज इवेंट

# विश्व शांति के लिया गूंजा नवकार महामंत्र का स्वर, उमड़ा श्रद्धाओं का सैलाब

**रायपुर।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन रायपुर चैप्टर द्वारा गुरुवार को एमजी रोड स्थित दादाबाड़ी में विश्व नवकार महामंत्र दिवस का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। विश्व के 120 देशों में एक साथ आयोजित इस महा-अनुष्ठान की कड़ी में दादाबाड़ी धाम में भक्ति और ऊर्जा का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन रायपुर चैप्टर के चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया ने जानकारी दी कि इस वैश्विक आयोजन की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मिलित हुए। रायपुर के इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि रायपुर की महापौर मीनल चौबे और जीतो अपैक्स दिल्ली से पधारीं नीता बुजरा का श्रीफल, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। परम पूज्य श्री स्नेहयशा श्री एवं अन्य गुरु भगवंतों के पावन सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने गुरुवंदना और प्रेरक प्रवचनों का लाभ उठाया। इसके पश्चात चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया सहित जीतो रायपुर के पदाधिकारियों, लेडीज विंग, यूथ विंग, जेबीएन और जैन समाज के 14 घटकों के प्रतिनिधियों ने सामूहिक दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया।



### रील व पोस्टर स्पर्धा में बच्चों ने लिया भाग

जीतो लेडीज विंग की सचिव अंकिता बरड़िया ने बताया कि इस दिवस को यादगार बनाने के लिए रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से बच्चों और महिलाओं ने विश्व शांति का संदेश दिया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई और लगभग 60 आकर्षक पोस्टर बनाए, जिनकी प्रदर्शनी को आगंतुकों ने खूब सराहा। साथ ही, 25 से अधिक प्रभावशाली रील्स की भी तिलोकचंद बरड़िया व अन्य पदाधिकारियों ने प्रशंसा की और विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में जीतो रायपुर के पूर्व अध्यक्ष जय कुमार बैध, अशोक बरड़िया, प्रकाश सुराना, सुशील बरलोटा, नीलेश बोथरा, ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय काकरिया, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया, अभय भंसाली, शांतिलाल बरड़िया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की पहल से संचालित 18 गोत्र की तर्ज पर 18 आयोग को मिल रहा रिस्पांस

# सांझा चूल्हा से अपनों की मदद, सुलझा रहे हैं अग्र विवाद, युवाओं को उच्च शिक्षा दिलाने दे रहे ऋण

भाग-दौड़ भरी जिंदगी और महंगाई के दौर में लोग अपने ही घर-परिवार की समस्याओं में उलझे हैं। ऐसे दौर में अग्रवाल समाज के बुजुर्ग, युवा और महिलाओं ने तीन साल पहले अग्रसेन महाराज के 18 गोत्र से जुड़े परिवारों को विभिन्न तरीके से मदद के लिए 18 आयोग का संचालन शुरू किया। इसका फायदा अब समाज के हर वर्ग को मिलने लगा है। सांझा चूल्हा से जहां गरीब तबके के लोगों का समाज सहारा बन रहा है। वहीं, पंचायत आयोग के जरिए पारिवारिक. सामाजिक, व्यावयायिक ही नहीं, बल्कि टूटते रिश्तों को भी संवार रहे हैं। हर वर्ग के युवाओं का कॅरियर बनाने के लिए उच्च शिक्षा ऋण दे रहे हैं।



**850 बेटे-बेटियों का वैवाहिक रिश्ता करवाने में मिली सफलता**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल और महामंत्री संजय अग्रवाल ने बताया कि बनाए गए आयोग की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इनमें से कई आयोग ऐसे भी हैं, जो संस्था के रूप में 2019 से काम रहे थे। इनमें सबसे अहम मंगल परिणय आयोग है, इसका संचालन शोभा केडिया और राजेश अग्रवाल की टीम द्वारा किया जा रहा है। इनकी पहल से 850 बेटे-बेटियों का वैवाहिक रिश्ता करवाने में सफलता मिली है। इससे माता-पिता का समय और पैसा भी बच रहा है। उन्होंने बताया कि इसमें विवाद के चलते टूटे रिश्तों को संजोने के साथ 182 तलाकशुदा जोड़ों की गृहस्थी बसाने का प्रयास किया गया। विदेश में रहने वाले समाज के 20 जोड़े का रिश्ता भी आयोग की मदद से संभव हुआ है।

### कॅरियर को ऊंची उड़ाने देने का प्रयास जारी

संगठन के महामंत्री ने बताया कि हर वर्ग की प्रतिभाओं को ऊंची उड़ान देने के लिए उच्च शिक्षा ऋण योजना के संचालन से प्रदेश के 25 युवाओं को अभी तक डॉक्टर, इंजीनियर के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रति आवेदक को दो लाख 50 हजार रुपए शिक्षा ऋण के रूप में दिया गया। इसमें सभी समाज के युवाओं को प्राथमिकता और रिजल्ट के आधार पर शिक्षा ऋण देते हुए उनके सपनों को साकार करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए समाज प्रमुखों के पास अर्जी लगाई जाती है।



### इन आयोगों से भी मिल रहा है सहयोग

समाज की उत्कृट प्रतिभा को अग्र अलंकरण का हिस्सा बनाते हुए उनका समाज की मौजूदगी में उत्साहवर्धन किया जा रहा है। गौशाला गौसेवा, पशु-पक्षी संरक्षण आयोग के संयोजक गोपाल सुल्तानिया एवं गुंजा सुल्तानिया के प्रयास से जीवों की रक्षा का दायित्व भी निभाया जा रहा है। अग्र पंचायत न्याय आयोग की मदद से लोगों को कोर्ट-कचहरी के मामलों को सुलझाने में सहयोग दिया जा रहा है। सदस्यता विस्तार, चौपाल, डॉक्टर्स फोरम सहित 18 आयोग के पदाधिकारियों द्वारा समाज को जोड़ने और मदद करने का प्रयास किया जा रहा है।

### सनातन धर्मानुरागियों का 3 मई को विवाह

संगठन के अध्यक्ष डॉ. अग्रवाल की इस पहल को समाज से ही नहीं, बल्कि दूसरे समाज से भी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। लगातार दूसरे वर्ष भी निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह योजना का लाभ सभी सनातन धर्मानुरागी माता-पिता और उनके बेटे-बेटियों को देने का प्रयास तीन मई 2026 को रावांभाठा स्थित होटल एंट्री पाइंट में किया जाएगा। अभी तक 90 आवेदन मिले हैं, इनमें 51 बेटे-बेटियों का विवाह इस साल भी आयोग की मदद से किया जाएगा। इसके साथ अग्रसेन सांझा चूल्हा आयोग के माध्यम से 16 परिवारों को अपनों की तरह संभलने का अवसर दिया जा रहा है।

# अयोध्या में गूंजा छत्तीसगढ़ का स्वर सत्संग मंडली ने दी मनमोहक प्रस्तुति

छत्तीसगढ़ की मंडली ने उत्तरप्रदेश के अयोध्या धाम में आयोजित राष्ट्रीय सत्संग मंडली प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया। वन बंधु परिषद महिला समिति की मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि एकल अभियान श्रीहरि कथा योजना के तहत आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर से 22 मंडलियों ने भाग लिया, जहां छत्तीसगढ़ ने जीत हासिल कर पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है।

### प्रतियोगिता में देशभर से 22 मंडलियों ने लिया भाग




**रायपुर।** प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल ने बताया कि अयोध्या धाम में जब मंच सजा तो हर प्रस्तुति में संस्कृति की सुगंध और भक्ति की गहराई महसूस हुई। इसी मंच पर सूरजपुर अंचल के ग्राम कोटेया (प्रेमनगर) की मंडली ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उत्तर हिमाचल, द्वितीय स्थान मध्य उत्तर प्रदेश और तृतीय स्थान सूरजपुर (छत्तीसगढ़) को मिला। यह उपलब्धि केवल एक स्थान नहीं, बल्कि उस तप, अभ्यास और श्रद्धा की पहचान है, जो इन कलाकारों ने अपने भीतर संजो रखी थी।

### इन कलाकारों ने दी प्रस्तुति

महिला समिति की अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संभाग समिति के सदस्य वाष्र्णेय जायसवाल, संभाग सचिव माऊजी भाई पटेल, प्रेमशंकर द्विवेदी, अंजनी पाल, अंचल समिति अध्यक्ष विजय सिंह, संरक्षक सुंदर लाल सिंह उपस्थित थे। वहीं, मंडली के कलाकार तान सिंह, बोधन प्रजापति, कृष्णा राम ने जहां अपने सुरों से वातावरण को भक्ति में सराबोर किया, तो वादन टीम के सदस्य कविता, मोना, कुमकुम, विनिता, समिला, रूपलता, तपन, राजेश, घनश्याम, तालमणी और दिनेश खन्ना ने हर प्रस्तुति में जान डाल दी।

# रायपुर में एफएलओ का 22वां चैप्टर शुरू, महिला उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा




**रायपुर।** फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला इकाई एफआईसीसीआई लेडीज़ ऑर्गनाइजेशन ने छत्तीसगढ़ में अपने 22वें चैप्टर के शुभारंभ की घोषणा की। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि पूरे देश में महिला उद्यमियों और पेशेवरों को सशक्त बनाने के एफएलओ के संकल्प को और मजबूत करती है तथा राज्य में समावेशी आर्थिक विकास में योगदान देती है। नई दिल्ली स्थित मुख्यालय और देशभर में 21 चैप्टर तथा 15,000 से अधिक सदस्यों के सशक्त नेटवर्क के साथ एफएलओ पिछले चार दशकों से महिला उद्यमिता, नेतृत्व और आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।रायपुर चैप्टर क्षेत्र में इन उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक सशक्त मंच के रूप में कार्य करेगा और राज्य के प्रगतिशील एवं समावेशी विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप कार्य करेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री पूजा गर्ग, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संगीता रेड्डी, महापौर मीनल चौबे की विशिष्ट उपस्थिति रही।

**राज्य में समावेशी आर्थिक विकास में योगदान देती है**

### सहयोगात्मक मंच की शुरुआत

पूजा गर्ग ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। एफएलओ महिलाओं को आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और नेटवर्क प्रदान करता है, ताकि वे उद्यमी और पेशेवर के रूप में आगे बढ़ सकें। चेयरपर्सन एफएलओ सुश्री पूनम अग्रवाल ने कहा क्षेत्र कि महिलाओं के लिए एक सशक्त और सहयोगात्मक मंच की शुरुआत है। एफएलओ के माध्यम से महिलाएं जुड़ेंगी, सहयोग करेंगी और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधन प्राप्त करेंगी।

## रंगमंदिर में नटरंग महोत्सव का हुआ भव्य समापन, पुरस्कृत हुए प्रतिभागी

**कार्नर न्यूज**

# नटरंग की मंच पर निखरी शास्त्रीय नृत्य कला की प्रतिभाएं, पैरेंट्स व गुरुओं का बढ़ाया मान



**रायपुर।** गुरुवार को रंगमंदिर में आयोजित 7 दिवसीय नटरंग महोत्सव का भव्य समापन हुआ। इस महोत्सव में देश व प्रदेश से पहुंचे 120 से अधिक शास्त्रीय नृत्य कला के प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभाएं निखारने का अवसर मिला। कला गुरुओं ने महोत्सव में कथक, भरतनाट्यम विधा की विविध मुद्राओं में प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों ने भरतनाट्यम, कथक और ओडिसी जैसी विधाओं की मंच पर प्रस्तुतियों से कला गुरुओं और पैरेंट्स को अचंभित किया। प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर की ख्याति प्राप्त शास्त्रीय नृत्य कला गुरुओं के मार्गदर्शन में मंचीय प्रस्तुति और प्रशिक्षण दिया गया। कलाकारों ने महोत्सव के दौरान अपनी भावपूर्ण अभिव्यक्ति और लयबद्ध तालमेल से भारतीय शास्त्रीय नृत्य कला की अद्भुत छटा बिखेरी, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण बनी रही। कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम डांस फॉर्म में अलग-अलग मुद्राओं की जीवंत प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नटरंग महोत्सव के आयोजक संगीता कापसे ने बताया कि यह महोत्सव शास्त्रीय संगीत, नृत्य और अभिनय का मिश्रण प्रस्तुत करता है। यह आयोजन न केवल मनोरंजन, बल्कि देश की पारंपरिक कलाओं का संरक्षण भी कर रहा।

**ये रही नटरंग महोत्सव की टॉप फाइव विनर :** इस 7 दिवसीय नटरंग महोत्सव में चयनित 5 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को नेक्ट ईयर मान राशि, पुरस्कार व घुंघरू सम्मान से नवाजा गया। इन विनर में कथक नृत्य में डॉली थारवानी, भरतनाट्यम में पलक उपाध्याय, क्लासिकल वोहकल में कुणाल, भरतनाट्य में नीरमयी और सार्वी परिहार रहीं। इन्होंने पूरे नटरंग महोत्सव में अपने शास्त्रीय नृत्य कला विधा से कला गुरुओं को मंत्रमुग्ध किया। इन सभी प्रतिभागियों को 5-5 हजार रुपए की नकद राशि व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं, सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार वितरण किया गया।

### कथक, भरतनाट्य की भावपूर्ण नृत्य ने मोहा मन

नटरंग महोत्सव के समापन में 120 प्रतिभागियों ने सुबह से देर शाम तक सेमीक्लासिकल फार्म में शास्त्रीय नृत्य की विभिन्न प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इस नटरंग महोत्सव का राष्ट्रीय स्तर की शास्त्रीय नृत्य कला के गुरु स्वप्निल करमहे, सौरभ रॉय, टी राथिस बाब, तरुण शर्मा हिस्सा बने। कला गुरुओं की नृत्य प्रस्तुतियों व मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को शास्त्रीय नृत्य कला की बारीकियां सीखने को मिला।



# प्राचार्यों ने कहा-2 माह में मिल रहा वेतन, चॉक-डस्टर खरीदने पैसे नहीं, मदद करें!

## समीक्षा बैठक में जुटे प्रदेशभर के 751 स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 751 स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य गुरुवार को राजधानी रायपुर में जुटे। पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित समीक्षा बैठक के मुख्य एजेंडे परीक्षा परिणाम में सुधार, नीट व जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं, अंग्रेजी भाषा दक्षता में सुधार रहे। अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने की।

प्राचार्यों के लिए प्रश्नोत्तरी सत्र भी रखा गया था। इसमें प्राचार्यों ने विद्यालय संबंधित दुर्दशा गिनाई। अधिकतर प्राचार्यों ने वेतन समय पर प्राप्त नहीं होने को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। उनका कहना था कि प्रतिनियुक्ति पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय आए शिक्षकों अथवा प्राचार्यों को पूर्व पद्धति से वेतन दिया जाए। वर्तमान में उन्हें वेतन के लिए कई बार 2 माह तक का इंतजार करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने शाला संचालन के लिए निर्धारित 5 लाख रुपए की राशि नहीं मिलने के कारण संचालन में हो रही दिक्कतें भी गिनाई। उनका कहना था कि फंड नहीं मिलने के कारण उधार से काम चलाना पड़ रहा है। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में छात्रों की संख्या अधिक होने के कारण फंड की राशि 5 लाख रुपए से बढ़ाने की भी मांग प्राचार्यों ने की। इसके अतिरिक्त चपरासी व भृत्य के पदों को भरने, डाटा एंट्री सहित अन्य कार्यों के लिए कंप्यूटर शिक्षक की नियुक्ति करने की मांग की गई।



### सिखाएं हाउसकीपिंग व गार्डनिंग जैसे कौशल

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा, विद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुखी बनाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान देने और प्राचार्यों द्वारा कम से कम एक कक्षा लेने का भी निर्देश दिया गया। प्रतिदिन राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान एवं दीप मंत्र तथा छुट्टी के समय गायत्री मंत्र एवं शांति पाठ का आयोजन करने,शनिवार को गतिविधि दिवस के रूप में मनाने, विद्यार्थियों को योग अभ्यास कराने एवं गार्डनिंग व हाउसकीपिंग जैसे कौशल सिखाने के लिए दो समूह अनिवार्य रूप से बनाने की बात कही।

### स्कूलों में होगा इंग्लिश स्पीकिंग डे

सह-शैक्षणिक गतिविधियों की उपलब्धियां, स्मार्ट क्लास एवं पुस्तकालयों के प्रभावी उपयोग, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा नवाचार आधारित गतिविधियों पर भी विचार- विमर्श किया गया। प्रत्येक माह एक दिन निर्धारित कर "इंग्लिश स्पीकिंग डे" मनाने तथा विद्यालय परिसर में मोबाइल उपयोग पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए। बैठक में समग्र शिक्षा आयुक्त किरण कौशल, संयुक्त सचिव फरिहा आलम सिद्दकी, एससीईआरटी के संयुक्त संचालक के.कुमार, उपसंचालक एएन बंजारा, डीईओ हिमांशु भारतीय सहित प्रदेशभर से आए प्राचार्यगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शास्त्र और आचार्य की अवहेलना करने वाले सनातनी नहीं, अवसरवादी हैं : ठाकुर

**रायपुर।** जब कोई व्यक्ति व्यक्तिगत लाभ, प्रतिष्ठा या आधुनिकता के नाम पर शास्त्रीय मर्यादाओं और गुरु-परंपरा (आचार्य) का अपमान या उपेक्षा करता है, तो वह सनातनी नहीं, बल्कि 'अवसरवादी' माना जाता है। मूल्यों का पतनः धर्मगुरुओं के अनुसार, व्यास पीठ या आचार्यों का अपमान करना धर्म के मूल ढांचे को कमजोर करता है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने गुरुवार को एक कड़ा वक्तव्य जारी करते हुए धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो तथा कथित हिंदू और सनातनी आज इस 'धर्म युद्ध' में जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के शास्त्रीय निर्णयों के साथ खड़े नहीं हैं, वे सनातनी नहीं बल्कि केवल पाखंडी और अवसरवादी हैं, याद रखें, सत्ताएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन धर्म और उसकी परंपराएं शाश्वत हैं।

### बिजली बिल भुगतान का लिंक भेजकर 7 लाख ठगे

रायपुर। बिजली बिल भुगतान के लिए लिंक भेजकर सात लाख रुपए ठगने की घटना सामने आई है। ऑनलाइन ठगी देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-2 देवेंद्रनगर निवासी डेनिस कुमार के रानीपा के साथ हुई है। उनके द्वारा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार, किसी मोबाइल धारक ने उसे कॉल किया और खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताते हुए ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान करने के लिए कहा। इसके लिए मोबाइल धारक ने उसके वाट्स एप पर लिंक भेजा, जैसे ही डेनिस ने उसे क्लिक किया। उसके खाते से 8 बार में 7 लाख 2 हजार 472 रुपए आहरित कर लिए गए। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज किया है।

### अक्षय तृतीया 20 को बाल विवाह रोकने प्रशासन ने बनाई टीम

**रायपुर।** बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन ने इस बार तैयारी पूरी कर ली है। अक्षय तृतीया के दिन 20 अप्रैल को इसे लेकर विशेष तैयारी की गई है। लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसे लेकर जनपद पंचायत के सभागार में ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक आयोजित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार बैठक में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह रोकथाम के लिए आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड, भक्त कर्मा माता वार्ड के नागरिक पीने और निस्तारी के लिए परेशान

# महापौर के पुराने वार्ड में गहराया जल संकट, 6 टैंकर से 60 ट्रिप पानी, रायपुरा में जा रहा चंगोरा का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे के पुराने वार्ड में जल संकट गहराने से वहां के रहवासी परेशान हैं। कर्मा चौक, डेयरी मोहल्ला, शीतला मंदिर के पीछे वाला क्षेत्र, महादेवनगर, करन नगर और गणपति नगर में पेयजल संकट से जनता त्रस्त है। हालत ये है कि लोगों की प्यास बुझाने नगर निगम को इस वार्ड में 6 पानी टैंकर भेजकर प्रतिदिन 60 ट्रिप पानी देना पड़ रहा है। यहां बोरवेल का अंडरग्राउंड वाटर भी तेजी से खिसकने लगा है। कमोबेश यही स्थिति भक्त कर्मा माता वार्ड की भी है, जहां लोग पीने के पानी और निस्तारी के लिए परेशान हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि चंगोरा टंकी का पानी रायपुरा जा रहा है।

इसे लेकर महापौर मीनल चौबे ने डेढ़ माह पूर्व निगम के अधिकारियों के साथ स्थल का दौरा करके चंगोरा टंकी से रायपुरा का कनेक्शन काटकर उसे रायपुरा टंकी से जोड़ने कहा था। पर आज तक यह काम पूरा नहीं हुआ। वार्ड पार्षद दुर्गा-यादराम साहू ने कहा है पानी की समस्या जल्द दूर नहीं हुई तो वे वार्डवासियों के साथ जोन 5 का घेराव करेंगे। प्रभावित वार्ड के पार्षदों ने जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल और जोन कमिश्नर खीरसागर नायक को भी पेयजल समस्या से अवगत कराया इसके बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### सुबह शाम टैंकर का इंतजार, पानी के लिए भीड़

डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड के किरण चौक रामजानकी मंदिर कर्मा चौक, डेयरी चौक, महादेवनगर, करन नगर, गणपति नगर के रहवासी पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकर भरोसे हैं। यहां सुबह-शाम निगम का पानी टैंकर लोगों की पेयजल आपूर्ति करने भेजा जा रहा है। टैंकर आते ही लोग बाल्टी, गुंडी लेकर पानी भरने इकट्ठा होते हैं इसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग, युवा और महिलाएं शामिल हैं।

### भक्त कर्मा माता वार्ड के इन इलाकों में समस्या

भाठागांव शीतला चौक, श्रीराम नगर, यादव पारा, बीएसयूपी कालोनी भाठागांव, करन नगर बोर्ड के पास, महादेव नगर, देव विहार कालोनी, मीत विहार, साकेत विहार, श्रद्धानंद स्कूल के पास।



### कनेक्शन बढ़ा दिए, चंगोरा का 50 फीसदी पानी रायपुरा जा रहा

30 मार्च को नगर निगम की बजट सामान्य सभा में शहर की पेयजल व्यवस्था पर महापौर मीनल चौबे और नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के बीच तीखी बहस हुई थी। पानी की समस्या को लेकर ब्राम्हणपारा वार्ड, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड, भक्त कर्मा माता वार्ड के अलावा नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड, कुशाभाउ ठाकरे वार्ड के रहवासी भी परेशान हैं, जहां वार्ड पार्षदों की मांग पर नगर निगम द्वारा पानी टैंकर भेजकर प्रभावित इलाके में लोगों प्यास बुझाई जा रही है। जल संकट से महापौर का पुराने वार्ड अछूता नहीं है, जहां चंगोराभाठा का अधिकांश एरिया आता है,वहां पीने के पानी की भारी समस्या बनी हुई है। लोगों का कहना है नगर निगम ने यहां नल कनेक्शन की संख्या बढ़ा दी हैं, यहां की टंकी का पानी रायपुरा महादेवघाट क्षेत्र में जा रहा है, इसलिए चंगोरा टंकी से रायपुरा का कनेक्शन काटकर उसे रायपुरा टंकी से जोड़ने की मांग एक अरसे से की जा रही है। लोगों की परेशानी को देखते हुए महापौर ने निगम के अधिकारियों को निर्देश भी दिए।उनके निर्देश पर जोन 8 और जोन 5 कमिश्नरी ने इस पर सर्वे करके करीबन 35 लाख का बजट बनाकर निगम मुख्यालय को भेजा था, पर डेढ़ माह बीतने के बाद समस्या जस की तस बनी हुई है।

## धर्मांतरण स्वतंत्रता विधेयक 2026 कानून का गांड़ा समाज ने किया स्वागत और समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में हाल ही में पारित 'धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026' का गांड़ा समाज ने खुलकर स्वागत और समर्थन किया है। समाज के नेताओं ने इसे अवैध धर्मांतरण रोकने के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है। उनका मानना है कि यह कानून जबरन, प्रलोभन या धोखे से कराए जा रहे धर्म परिवर्तन को रोकेगा और सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करेगा। उत्कल गांड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने गुरुवार को आज छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लाए धर्मांतरण स्वतंत्रता विधेयक 2026 को लेकर प्रेसवार्ता लिया और उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पारित धर्मांतरण स्वतंत्रता विधेयक 2026 एक ऐतिहासिक कदम है, जिसमें अब राज्यपाल ने भी अपना हस्ताक्षर कर दिया है। श्रीमती जगत ने कहा पिछले कुछ वर्षों में गांवों एवं शहरों की झुग्गी-बस्तियों में गरीब, भोले-भाले लोगों को गुमराह करते हुए उनके मूल धर्म और संस्कृति से परिवर्तित कर उन्हें धर्मांतरित किया जा रहा था। इससे गरीबों का शोषण, सामाजिक असंतुलन और सांप्रदायिक तनाव पैदा हो रहा था। सावित्री जगत ने इस कानून का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस निर्णय के लिए हार्दिक बधाई और आभार व्यक्त किया। श्रीमती जगत ने कहा हम झुग्गी-बस्तियों में जाकर इस कानून का प्रचार करेंगे ताकि गरीब लोग अपने अधिकारों को समझ सकें, कोई उन्हें गुमराह न कर सके। इसके लिए जागरूकता रैलियां, गोष्ठियां, पंपलेट वितरण और नुक्कड़ सभाएं आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सामाजिक न्याय की नई मिसाल पेश कर रहा है।" इस अवसर पर किशोर महानद, बसंत बाग, बनमाली छूरा, आशीष तांडी, प्रीति सागर, हेमा सागर, मेनका बघेल आदि गांड़ा समाज के सदस्य उपस्थित थे।

■ धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए ऐतिहासिक है धर्मांतरण स्वतंत्रता विधेयक 2026 : सावित्री

# पीएससी अभ्यर्थियों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करे सरकार : नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत

## राज्यपाल को नेता प्रतिपक्ष ने पत्र लिख हस्तक्षेप करने मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश के युवाओं और छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्यपाल एवं आयोग प्रबंधन से दो प्रमुख मांगों पर त्वरित निर्णय लेने पत्र लिखा है। मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए अपर्याप्त समय और परीक्षा शुल्क वापसी की जटिल प्रक्रिया पर गहरी चिंता व्यक्त की है। डॉ. महंत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से ही यह स्वस्थ परंपरा रही है कि प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित होने और मुख्य परीक्षा के आयोजन के बीच कम से कम 100 दिनों का अंतराल दिया जाता था। यह समय अभ्यर्थियों को विस्तृत पाठ्यक्रम की तैयारी और उत्तर लेखन के अभ्यास के लिए नितांत आवश्यक है। इस वर्ष 25 मार्च को परिणाम जारी होने के बाद मुख्य परीक्षा 16 मई से निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए मात्र 51 दिन का समय मिल रहा है, जो कि नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध है। सरकार को युवाओं के मानसिक दबाव को समझते हुए इस समय सीमा को पूर्व की भांति 100 दिन से अधिक करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री और आयोग के अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि प्रचलित परंपराओं को समाप्त कर युवाओं के भविष्य को संकट में न डालें। प्रदेश का युवा ही छत्तीसगढ़ का भविष्य है। उनके साथ न्याय करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। हम मांग करते हैं कि मुख्य परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाई जाए और शुल्क वापसी की प्रक्रिया को सरलतम बनाया जाए।



### शुल्क वापसी प्रक्रिया को सरल बनाने दिए सुझाव

शुल्क वापसी प्रक्रिया को सरल बनाने का सुझाव परीक्षा शुल्क वापसी की वर्तमान प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्तमान में अभ्यर्थियों से दोबारा बैंक जानकारी मांगी जाती है, जिससे कई अभ्यर्थी तकनीकी कारणों या समय सीमा के अभाव में अपनी राशि वापस नहीं पा पाते। होना यह चाहिए आवेदन के समय जिस बैंक खाते से शुल्क का भुगतान किया गया है, परीक्षा में उपस्थित होने पर उसी खाते में स्वत, शुल्क वापस किया जाना चाहिए। इससे न केवल प्रक्रिया पारदर्शी होगी, बल्कि हजारों युवाओं को अनावश्यक ऑनलाइन औपचारिकता से मुक्ति मिलेगी।

# एआई के जरिए शिक्षक तैयार करेंगे ऑडियो वीडियो कंटेंट, इसके माध्यम से होगी पढ़ाई

जिले के शिक्षकों को किया जा रहा है हाईटेक, गूगल देगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अब रायपुर जिले के शिक्षक हाईटेक होने जा रहे हैं। शिक्षक एआई टूल्स जैसे तकनीक से अपने टीचिंग को अपडेट करेंगे। इसके लिए जिले में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "एआई सक्षम शिक्षक अभियान" की शुरुआत की गई है।

न्यू सर्किट हाउस में हुए इस कार्यशाला में 200 से अधिक मास्टर ट्रेनर बने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग से शिक्षण को प्रभावी बनाने के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, गूगल एजूकेशन ऑफ इंडिया के हेड संजय जैन व गूगल इंडिया के पब्लिक पॉलिसी हेड राजेश रंजन के मध्य एलओआई हुआ। इसके अनुसार आने वाले समय में जिले के करीब 10 हजार शिक्षकों को निःशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी। गूगल के अधिकारियों ने बताया कि रायपुर जिले के साथ साथ प्रदेश के शिक्षकों को भी एआई टूल्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा।




### बढ़ेगी सीखने की क्षमता

गूगल के प्रतिनिधियों ने कहा, एआई के माध्यम से बच्चे बिना किसी झिझक के सवाल पूछ सकते हैं, जिससे उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता बढ़ती है। एआई टूल्स की मदद से आसानी से वीडियो कंटेंट तैयार किया जा सकता है, जो बच्चों को विषयों को बेहतर तरीके से समझने में सहायक होगा। हम एआई का अधिक बेहतर तरीके से उपयोग कर सकते हैं। आने वाला समय एआई से भी आगे एजीआई का दौर होगा, जिस पर गूगल काम कर रहा है। यह ह्यूमन इंटेलीजेंस की तरह होगा। उन्होंने बताया कि गूगल ने शिक्षकों के लिए एआई आधारित एक कोर्स भी शुरू किया है। यह कोर्स शिक्षकों को एआई के माध्यम से शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षित करता है।

### प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता अलग

राजेश रंजन ने कहा, एआई की मदद से कोई शिक्षक अपनी शैक्षणिक क्षमता को बढ़ा सकता है। हर विद्यार्थी की समझने की क्षमता अलग-अलग होती है जैसे कोई ऑडियो रूप में या वीडियो के रूप में। अब एआई को कमाण्ड देकर किसी भी क्लास के लिए वीडियो या अन्य शैक्षणिक सामग्री बना सकते हैं। इस अभियान के तहत शिक्षक एआई टूल्स का उपयोग बेहतर तरीके से कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती ने कहा, कार्यशाला के माध्यम से शिक्षकों ने एआई के विभिन्न आयामों को समझा है, जिसे वे विद्यालयों में विद्यार्थियों तक पहुंचाएंगे।कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा, गूगल के साथ मिलकर सीखने की नई शुरुआत की जा रही है। जब शिक्षक तकनीक से सशक्त होंगे, तभी विकसित भारत की नीव गांवों में मजबूत होगी। एआई विद्यार्थियों के लिए रिविजन और लर्निंग का प्रभावी माध्यम बनेगा तथा शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।

## चिप की कमी के कारण लगातार बढ़ रहे हैं दाम

# युद्ध की आग में मोबाइल के दाम की भी बजी घंटी, कई मॉडल 60 फीसदी तक महंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमेरिका, इजरायल और ईरान के युद्ध की आग में स्मार्ट फोन भी आ गए हैं। स्मार्ट फोन की कीमत 40 से 60 फीसदी तक बढ़ गई है। राजधानी रायपुर के कारोबारियों के मुताबिक 10 हजार वाला मोबाइल इस समय 16 हजार का हो गया है। आने वाले समय में मोबाइल के दाम में कमी की संभावना नहीं है। मोबाइल के दाम में आग लगने का सबसे बड़ा कारण चिप की कमी है। स्मार्ट फोन के लिए सबसे जरूरी चिप है। इसकी जहां युद्ध के कारण सप्लाई प्रभावित हो गई है, वहीं चिप की कमी भी है। चिप की कमी का कारण यह बताया जा रहा है कि चिप बनाने वाली कंपनियां अब ज्यादा ध्यान एआई की तरफ दे रही हैं। ऐसे में कंपनियां एनवीडिया की एआई चिप बना रही हैं। यह चिप ज्यादा महंगी बिकती है। चिप की कमी के कारण सबसे ज्यादा बिकने वाले मोबाइल विवो, सैमसंग, ओपो, रियलमी, शाओमी सहित ज्यादातर मोबाइल के मॉडल महंगे हो गए हैं। एप्पल के मोबाइल के दाम भी सात हजार तक बढ़ गए हैं। मोबाइल कारोबारी राजेश वासवानी के मुताबिक रोज किसी न किसी मॉडल के दाम बढ़ रहे हैं। 10 हजार रुपए वाले मोबाइल की कीमत अब 16 हजार हो गई है। एप्पल मोबाइल के दाम भी सात-सात हजार बढ़े हैं। इसके टेबलेट के दाम भी पांच-पांच हजार बढ़ गए हैं।

शाला संचालन मद 5 लाख रुपए से बढ़ाने की मांग



### चिप के दाम डबल से ज्यादा

*कारोबारियों का कहना है कि मोबाइल में लगने वाले चिप के दाम अब डबल से भी ज्यादा हो गए हैं। बीते तीन माह में चिप के दाम में सौ फीसदी से ज्यादा का इजाफा हो चुका है। मोबाइल के दाम में चिप की हिस्सा करीब 20 फीसदी रहता है जो अब 40 फीसदी से ज्यादा हो गया है। यही वजह है कि मोबाइल के दाम भी 40 से 60 फीसदी तक बढ़ गए हैं। चिप के दाम बढ़ने के कारण मोबाइल की उत्पादक कंपनियां अपने मॉडल के दाम बढ़ाकर ग्राहकों से वसूली कर रही हैं।*

### सेकेंड हैंड मोबाइल का क्रेज बढ़ा

सेकेंड हैंड फोन का क्रेज तो वैसे रहता ही है, लेकिन नए मोबाइल के महंगे होने के कारण अब इसका क्रेज और ज्यादा बढ़ गया है। ग्राहक अपने बजट को देखते हुए सेकंड हैंड मोबाइल ले रहे हैं। जिनका बजट 10 हजार है तो ऐसे ग्राहक 10 हजार के मोबाइल की कीमत 16 हजार होने पर सेकंड हैंड मोबाइल ले रहे हैं तो उनको 18 से 25 हजार तक वाला मोबाइल अच्छी कंडीशन में 10 से 12 हजार में मिल जा रहा है।

### चिप के कारण दाम बढ़े

चिप की कमी के कारण रोज किसी न किसी मोबाइल के दाम बढ़ रहे हैं। कुछ दस हजार के मॉडल वाले मोबाइल अब 16 हजार तक के हो गए हैं। इससे कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। नए मोबाइल की बिक्री कम हो गई है।

**- राजेश वासवानी**
संचालक,
लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स

# तिलहन-दलहन का बढ़ा रकबा ग्रीष्मकालीन धान का घटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान की बंपर पैदावार के बावजूद किसानों में पारंपरिक फसलों के साथ अन्य फसलों की ओर लगातार रुझान बढ़ रहा है। रायपुर जिले में किसान धान के साथ दलहन, तिलहन की खेती में भी रुचि ले रहे हैं, जिससे लगातार इसका रकबा भी बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले में तिलहन में 218 प्रतिशत रकबा बढ़ा है, वहीं दलहन में भी 171 प्रतिशत रकबा बढ़ा है।

तिलहन और दलहन की तुलना में ग्रीष्मकालीन धान का रकबा 3347 हेक्टेयर घटा है। घटे रकबा में किसानों ने अन्य फसलों का उत्पादन किया है।



कृषि विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में वर्ष 2024 में ग्रीष्मकालीन में कुल जितना रकबा में धान की बोवाई हुई थी, उसकी तुलना में वर्ष 2025 में 3347 हेक्टेयर में धान की फसलों की जगह अन्य फसलों का उत्पादन किया है, जिससे धान का रकबा घटा है। धान के रकबा में आई इस गिरावट के कारण जिले में दलहन-तिलहन सहित अन्य फसलों के उत्पादन में वृद्धि हुई है।

### तिलहन 1405 हेक्टेयर एवं दलहन 1951 हेक्टेयर रकबा बढ़ा

जिले में वर्ष 2025 में धान के रकबे में कमी करते हुए तिलहन एवं दलहन दोनों में रकबा बढ़ा है। कृषि विभाग के जिला अधिकारी सतीष अवस्थी ने बताया कि वर्ष 2024 में 1190 हेक्टेयर रकबा में तिलहन की खेती हुई थी। वर्ष 2025 में 1405 हेक्टेयर रकबा बढ़ा है। इस तरह कुल 2595 हेक्टेयर रकबा में इसकी फसल की गई। इसी प्रकार दलहन में 1951 हेक्टेयर रकबा बढ़ा है। इस तरह कुल 3971 हेक्टेयर में इसकी खेती की गई।

### मेरा गांव मेरी पहचान अंतर्गत 160 हेक्टेयर में दलहन-तिलहन की फसल लगी

जिले में इस बार मेरा गांव मेरी पहचान योजना अंतर्गत 160 हेक्टेयर में दलहन और तिलहन की फसल लगाई गई है। फसल को आरंग ब्लॉक अंतर्गत ग्राम रानीसागर में विकसित किया है। इस रकबा में भी लगभग 60 हेक्टेयर में पिछले वर्ष धान की फसल लगाई गई थी।

Healthcare that cares

# श्री महादेवम्
# मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

A Unit of Anay Healthcare

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH (ENTRY LEVEL)
CERTIFIED
NABH Accredited

Experience Expertise Excellence

The Strength behind every successful recovery, every smile restored, and every life healed.




Medical Director & Consultant Eye Surgeon
**Dr. Preety Chandrawanshi**
Cataract and Refractive Surgeon
15+years of experience

Medical Director & Orthopedic Surgeon
**Dr. Amit Chandrawanshi**
Joint replacement & spine surgeon
15+years of experience

समस्त छत्तीसगढ़ में सबसे न्यूनतम दरों में कुल्हा एवं घुटने की जोड़ प्रत्यारोपण स्पाईन एवं मोतियाबिंद का अत्याधुनिक मशीनों द्वारा आपरेशन।

**9वीं वर्षगांठ के उपलब्ध में 10 मई तक ओपीडी में 50%, सभी प्रकार की जांच में 10% एवं आपरेशन में 10% की अतिरिक्त छूट**

## उपलब्ध विभाग

- हड्डी रोग विभाग
- नेत्र रोग विभाग
- आपात चिकित्सा
- स्त्री रोग विभाग
- जनरल सर्जरी विभाग
- यूरोलॉजी विभाग
- मेडिसीन एवं हृदय रोग विभाग
- एनिस्थिसिया विभाग
- न्यूरोसर्जरी विभाग
- नाक, कान एवं गला विभाग
- गैस्ट्रोइन्ट्रोलॉजी विभाग
- कैंसर रोग विभाग

24 HOURS चिकित्सा उपलब्ध

आयुष्मान भारत के द्वारा नि:शुल्क ईलाज की सुविधा

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY

दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.) 0771-4907575 9340555916

## निधन

### जेएल जेम्स



रायपुर। कांशीराम नगर निवासी जेएल जेम्स (90) का 9 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कैथोलिक चर्च की वाटिका में किया गया। वे जैस्मिन लाल, प्रसन हैनरी जेम्स और चंचल परदेसी के पिता थे।

### सीआर चौहान



रायपुर। खमतराई निवासी सीआर चौहान (97) का 8 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संसकार 9 अप्रैल को कैथोलिक चर्च की प्रभु वाटिका में किया गया। वे स्व. प्रदीप चौहान, सीरील चौहान, प्रशांत चौहान और प्रतिभा मसीह के पिता थे।

### चंद्रकांत व्यास



रायपुर। कमल विहार निवासी चंद्रकांत व्यास का 9 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 अप्रैल को राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे हरिशंकर व्यास के पुत्र, भरत व्यास के बड़े भाई, राधे गोयल और मनीष चौहान के ससुर थे।

### प्रगति यादव



रायपुर। मठपारा निवासी प्रगति यादव (33) का 9 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे भगतसिंह यादव की पुत्री, राजेंद्र सिंह यादव एवं पूर्व पार्षद नरेंद्र फूल सिंह यादव की भतीजी और नवनीत सिंह, प्रदूभन सिंह, वीरेंद्र सिंह, जग्गनाथ सिंह की बहन थीं।

# नगर निगम का एक्शन, बड़े बकायादारों पर सीलबंदी और कुर्की की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर।

- जोन 5 ने डीडी नगर के बड़े बकायादार को जारी किया कुर्की वारंट
- आशादीप स्कूल पर 73 हजार रुपए की बकाया राशि, सीलबंदी करने पर तत्काल भुगतान

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर नगर निगम के राजस्व विभाग ने दस जोन में बड़े बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली को लेकर कड़ाई बरतनी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में जोन 5 के जोन कमिश्नर खीरसागर नायक ने गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित डीडी नगर के अनिमेश मिश्रा को वर्ष 2019-20 से बकाया 4,49,319 रुपए की बकाया राशि का निगम को भुगतान नहीं करने पर सीलबंदी के बाद कुर्की वारंट बकाया राजस्व वसूली करने जारी कर दिया। इसी तरह बकायेदार एफएल कृपाल के व्यावसायिक परिसर में सीलबंदी के आधे घंटे के भीतर 54,552 रुपए का बकाया राशि भुगतान तत्काल किया गया। दरअसल, राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश पर संपत्तिकरदाताओं के लिए 30 अप्रैल तक बिना अधिभार के संपत्तिकर राशि का भुगतान करने की विशेष छुट प्रदान की गई है। इसके लिए राजस्व विभाग द्वारा सभी जोनो एवं वार्डों में मुनादी कर अवगत कराया जा रहा है। इसके बाद भी संपत्ति कर की बकाया राशि का भुगतान में कोताही बरतने पर नियम अनुसार सीलबंदी उपरांत कुर्की वारंट बकाया राजस्व वसूलने के लिए जारी किया जा रहा है। नगर निगम जोन 5 कमिश्नरी ने गुरूवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित दीनदयाल उपाध्याय नगर के अनिमेष मिश्रा को वर्ष 2019-20 से बकाया राशि का भुगतान नगर निगम के राजस्व विभाग को नहीं करने पर सीलबंदी उपरांत कुर्की वारंट बकाया राजस्व वसूली करने जारी कर दिया है। कुर्की वारंट की तामिली के लिए नगर निगम जोन 5 राजस्व विभाग द्वारा नियमानुसार प्रक्रिया के तहत कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।



### तत्काल सीलबंदी की कार्यवाही स्थल पर की गई

डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड कमांक में आशादीप स्कूल का 4 वर्ष की बकाया राशि भुगतान ना करने पर तत्काल सीलबंदी की कार्यवाही स्थल पर की गई। सीलबंदी के बाद आशादीप स्कूल द्वारा 73 हजार रुपए की बकाया राशि का भुगतान तत्काल किया गया। जिस पर जोन कमिश्नर के निर्देश पर सील खोलने की कार्यवाही राजस्व विभाग द्वारा की गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में आवासीय भवन में बकायेदार राधेश्याम गोयल द्वारा बकाया राशि निगम को अदा नहीं करने पर तत्काल नल विच्छेद की कार्यवाही की गई। इस पर बकायादार ने 24 घंटे के भीतर बकाया राशि अदा करने समय देने की मांग की गई , जोन 5 कमिश्नर के निर्देश पर संबंधित बकायेदार को 24 घंटे का समय बकाया राशि अदा करने दिया गया एवं उक्त अवधि तक के लिए नल कनेक्शन पुनः प्रभावशील किया गया। जोन 5 में बड़े बकायादारों के राजस्व वसूली का अभियान सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव के मार्गदर्शन और जोन 5 राजस्व विभाग कर्मचारी मनीष भोई, अमर सागर, सूर्या यादव, महेश बाघ, सोनू चंद्राकर, राजेश मुले की उपस्थिति में चलाया गया।

## बिजनेस साइट

## रायपुर में लॉन्च हुआ 'मोजिन्गो' ऐप, अब सड़क पर फंसे चालकों को तुरंत मिलेगा मेकैनिक



रायपुर। सड़क यात्रा के दौरान वाहन खराब होने की समस्या से जूझ रहे चालकों के लिए अब राहत भरी खबर है। मोजिन्गो ऐप के माध्यम से अब तत्काल मेकैनिक की सुविधा उपलब्ध होगी। इस ऐप का शुभारंभ रायपुर में एसीपी सतीश ठाकुर ने किया। इस अनोखे और मददगार मोबाइल ऐप की परिकल्पना अल्पना यादव ने की है, जो अरपास इंफोटेनमेंट एन्ड सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ी हैं। विमतारा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि एप से जुड़ते ही उपयोगकर्ताओं को 24 घंटे सेवा देने वाले मेकैनिक उपलब्ध होंगे। एप के जरिए पंचर, बैटरी खराबी और दोपहिया-चारपहिया वाहनों की अन्य तकनीकी समस्याओं का समाधान मौके पर ही संभव है। अब तक करीब 500 मेकैनिक प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं। कार्यक्रम में सीएल यादव और तेजराम साहू ने इसे उपयोगी पहल बताया। संचालन प्रीति चौकसे ने किया।

## रायपुर में 'क्लैट पॉसिबल' सेंटर पर 3 दिवसीय फ्री डेमो क्लासेस की शुरुआत



रायपुर। क्लैट की परीक्षा के तैयारी के लिए प्रतिष्ठित संस्थान 'क्लैट पॉसिबल' के रायपुर सेंटर में तीन दिवसीय निःशुल्क डेमो क्लास का शुभारंभ 7 अप्रैल से किया गया। इससे पूर्व सेंटर का औपचारिक उद्घाटन 29 मार्च को मरीन ड्राइव के पास संपन्न हुआ था। सेंटर की संचालिका डॉ. श्यामली मुखर्जी नामदेव ने बताया कि संस्थान में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा विषयवार प्रशिक्षण, नियमित मॉक टेस्ट और आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण पद्धति से छात्रों की तैयारी को प्रभावी बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए 'रोजनामा' जैसे मंच के माध्यम से दैनिक समाचारों का विश्लेषण कराया जाता है। साथ ही, छात्रों के लिए लाइब्रेरी, हॉस्टल और मेंटरशिप सिस्टम की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे उनकी शैक्षणिक समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। संस्थान का उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास के साथ बेहतर परिणाम सुनिश्चित करना है।

## बीरगांव निगम क्षेत्र में 13 दुकानदारों पर जुर्माना

रायपुर। बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में गुरुवार को सिगरेट एवं तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के तहत निगम ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान वार्ड क्रमांक 39, 37, 31, 21, 32 एवं 25 में जांच के दौरान 13 दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके विरुद्ध 100-100 रुपए का जुर्माना लगाया। इसके साथ ही स्कूल सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में संचालित दुकानों को तत्काल हटाने की सख्त चेतावनी दी गई। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी कमल नारायण जंघेल, स्वच्छता निरीक्षक राजेश सिंह क्षत्रिय सहित निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम की स्थगित सामान्य सभा आज, 14 एजेंडों पर चर्चा

रायपुर। नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर के सभापतित्व में 10 अप्रैल को प्रातः 11 बजे महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभागार में रायपुर नगर निगम की स्थगित सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई है। इसमें निर्धारित 14 एजेंडों पर चर्चा होगी। इनमें प्रमुख रूप से खालसा स्कूल के सामने विस्थापित किए गए 69 दुकानदारों को क्रिस्टल आर्किड के सामने भूमि में व्यवस्थापन संबंधी प्रस्ताव, जवाहर बाजार व्यावसायिक परिसर की 2 दुकानों की दर स्वीकृति प्रकरण, मॉल, प्रदर्शनी के प्रदर्शन शुल्क में वृद्धि संबंधी प्रस्ताव, जयस्तंभ सड़क चौड़ीकरण के दौरान किरण बिल्डिंग परिसर की दुकानों के व्यवस्थापन के संबंध में स्वीकृत अभिन्यास में संशोधन संबंधी प्रस्ताव सदन में चर्चा के लिए रखे जाएंगे।

इसके अलावा प्रमुख रूप से कोतवाली चौक का नाम जैन स्तंभ करने, लाखे नगर चौक के पास अमर शहीद एएसपी आकाश गिरपुंजे की प्रतिमा स्थापित करने, लाखे नगर में पंडित वामराव लाखे की प्रतिमा लगाने, देवेन्द्र नगर से पंडरी कपड़ा मार्केट की ओर जाने वाली सड़क का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद के नाम करने, मेजर सत्यदीप दत्ता की प्रतिमा स्थापित करने और कन्हैयालाल बाजारी वार्ड के प्रमुख मार्ग का नाम महेश पथ करने संबंधी प्रस्ताव सदन में चर्चा के लिए रखा जाएगा।

## पेज 11 के शेष

### आधार नंबर से ...

और फेलोशिप का भुगतान आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम के जरिए किया जाएगा। इसका मतलब यह है कि पैसा सीधे आधार से जुड़े बैंक खाते में ही भेजा जाएगा। इस सिस्टम को डीबीटी के तहत लागू किया गया है, ताकि छात्रों को पैसा सीधे और सुरक्षित तरीके से मिल सके।

### हाईपर क्लब में ...

मुताबिक क्लब में एक पार्टी चल रही थी। इस दौरान क्लब में युवक-युवतियों का एक ग्रुप और पहुंचा। पार्टी के दौरान एक युवक ने पार्टी कर रही युवती को हाय कहा। इस बात पर दूसरे पक्ष के युवकों ने विरोध जताया। इसी मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हुई, जो कुछ ही देर में हाथापाई में बदल गई। इस दौरान किसी ने पुलिस को कॉल कर सूचना दी।

**क्लब में पूर्व में हवाई फायरिंग की घटना हो चुकी है :** हाईपर क्लब में इसके पूर्व भी विवाद तथा मारपीट की घटना सामने आई है। इस क्लब में हवाई फायरिंग की घटना भी हो चुकी है। बावजूद इसके क्लब पर अब तक किसी तरह से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

**महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तारः** हाईपर क्लब में मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने 28 वर्षीय महिला की शिकायत पर गुढ़ियारी निवासी पवन सिंह बघेल तथा उसके साथी गोबरा नवापारा निवासी ज्योतिरादित्य सिंह राजपूत, सत्येंद्र कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि भोजन करने के बाद वह अपने पति तथा अपने मित्रों के साथ क्लब से लौट रही थी। इस दौरान पवन ने बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़कर खींचा। पवन के दोनों साथी पर एफआईआर वापस लेने महिला को धमकाने का आरोप है।

**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. 202604110300011 / अ 6
वर्ष 2025-26
ग्राम देवरी, प.ह.नं. 16

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन लाल अग्रवाल पिता स्व. गणेश प्रसाद, निवासी- रायपुर द्वारा ग्राम देवरी, प.ह.नं. 16 अपनी भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 489/, 490/1 रकबा 0.449, 0.219 हे. जिसका व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग हेतु ग्राम-देवरी स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 492/1 रकबा 16.879 हे. में से रकबा 0.085 हे. को रास्ता हेतु मांग किया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावे/आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 22.04.2026 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियांद बाद प्राप्त दावे/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया ।

(मो. नंबर 7489715327)

मुहर

तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा,
जिला रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम-सूचना**

दिनांक- 07/04/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलदेव प्रसाद नवरंगे पिता/पति रमेशर नवरंगे निवासी सांकरा की ग्राम सांकरा प.ह.न. 24 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर- 19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 229/2, 231/2 रकबा 0.0320, 0.0160 का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक क/वाचक/तह./2026 आदेश दिनांक 06/04/2026 के परिपालन में दिनांक 22/04/2026 को समय 12.00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नबंर 24 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वंय अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा।

अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-19 (धनेली)

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता **ललिता बाई साहू पिता स्व. भरत सिंग निवासी- बांसकुड़ा, सिरपुर, महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.)** से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा **ग्राम बांसकुडा**, प.ह.नं 00008, रा.नि.मं. सिरपुर, तहसील- महासमुंद व जिला महासमुंद (छ.ग.) स्थित भूमिस्वामी हक की कृषि भूमि खसरा नं. 886/5 रकबा 0.0800 हे., खसरा नं. 890/53 रकबा 0.0800 हे. कुल खसरा 2 कुल रकबा 0.1600 हेक्टेयर भूमि है। जिसको क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक फर्म, ट्रस्ट इत्यादि को उक्त क्रय-विक्रय के संबंध में उक्त भूमि पर कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा आपत्ति शून्य एवं अवैध माना जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 09.04.2026

एस. एस. चंदेल अधिवक्ता
पता- कृष्णानगर, रायपुर (छ.ग.)
मो. 94255 19873

**आम सूचना का खंडन**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा संतोषी यदु, पति- कमल नारायण यदु, पता- म.नं.- 413, शुक्रवारी बाजार, गुढ़ियारी, रायपुर छ.ग. की निवासिनी है। दिनांक- 03.04.2026 को हरिभूमि पत्रिका के पेज नंबर- 07 में प्रकाशित ईश्तेहार जिसमें श्री टी. आर. साहू अधिवक्ता, निवासी शिवाजी नगर, दलदल सिवनी, रायपुर छ.ग. द्वारा अपने पक्षकार की ओर से प्रकाशित आम सूचना का, निम्नानुसार खंडन करती हूँ :-

मेरी पक्षकारा के पिताजी का विगत 10 वर्षो से मेरी पक्षकारा के भाईयों अर्थात मेरी पक्षकारा के पिता के पुत्रों से विवाद हो जाने के कारण मेरी पक्षकारा के पिता मेरी पक्षकारा के साथ निवास कर रहे हैं तथा उनके आदेशानुसार मेरी पक्षकारा द्वारा बैंकों एवं अन्य कार्य मेरी पक्षकारा द्वारा किया जाता है एवं मेरी पक्षकारा के पिता अत्यधिक वृद्ध होने के कारण वर्तमान में अस्वस्थ हैं, मेरी पक्षकारा के भाईयों द्वारा मेरी पक्षकारा के पिता के संबंध में मिथ्या / अनुचित कथन अधिवक्ता के माध्यम से प्रकाशित कराया गया है, जो कि असत्य व बेबुनियाद है।

अतः इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 03.04.2026 को हरिभूमि पत्रिका के पेज नंबर- 07 में प्रकाशित आम सूचना का खंडन कर आम जनता को सूचित किया जाता है कि सूचना के पश्चात भी किसी प्रकार से मिथ्या कथन किया जाता है तो वे स्वयं जिम्मेदार होंगें, मेरी पक्षकार तथा मेरी पक्षकारा के पिता जिम्मेदार नहीं होंगें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 09/04/2026

भवदीय
भावना राजपूत (अधिवक्ता)
पता- बार रूम नं. 107,
जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर छ.ग.
मो. 7470598465

**आम सूचना**

**हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.), मौजा टाटीबंध, प.ह.न.-54, रा.नि.मं- रायपुर 1, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि, भूखण्ड क्रं- 127, खसरा क्र. 340/19, 340/20 का भाग, रकबा 1743 वर्गफुट जिसमें 1500 वर्गफुट पर निर्मित मकान के संबंध में -**

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार अशोक कुमार सिंह पिता श्री रामचंदर सिंह, निवासी- हीरापुर कॉलोनी, टाटीबंध, रायपुर छ.ग. द्वारा विक्रेता श्री आलोक मेहता पिता स्व. श्री मणिकांत मेहता, निवासी- राजेन्द्र नगर क्षेत्र के पास, किस्मतपुर, हैदरशाह कोर्ट, (तेलांगना) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, टाटीबंध स्थित भूमि भूखण्ड क्रं- 127, खसरा क्र. 340/19, 340/20 का भाग, रकबा 1743 वर्गफुट जिसमें 1500 वर्गफुट पर निर्मित मकान स्थित मौजा- टाटीबंध, प.ह.न.-54, रा.नि.मं- रायपुर 1, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) वाले को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना प्राप्त कर लिया है, केवल विक्रय पत्र पंजीयन की प्रक्रिया शेष है।

अतः उपरोक्त सम्पत्ति के स्वत्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभागो, बैंक, वित्तीय संस्थाओं एवं निकायों को किसी भी प्रकार का उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिनों के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज में नीचे लिखे पते पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर देवें, बाद म्याद हमारे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जायेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी।

सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक-08.04.2026

भवदीय
ब्यास देव भोई, रमेश साहू, सागर क्षत्रिय,
सौरभ भोई, विवेक कुमार परमार, शिवांक भोई, सौरभ प्रधान
अधिवक्तागण, कार्या. ईश्वरी प्लाजा, जी.ई. रोड़, आनन्द नगर,
तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) मो.नं. 9926615110

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता **देवकी साहू पिता स्व. भरत सिंग निवासी- बांसकुड़ा, सिरपुर, महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.)** से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा **ग्राम बांसकुडा,** प.ह.नं. 00008, रा.नि.मं. सिरपुर, तहसील- महासमुंद व जिला महासमुंद (छ.ग.) स्थित भूमिस्वामी हक की कृषि भूमि खसरा नं. 886/3 रकबा 0.0800 हे., खसरा नं. 890/3 रकबा 0.0700 हे. कुल खसरा 2 कुल रकबा 0.1500 हेक्टेयर भूमि है। जिसको क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक फर्म, ट्रस्ट इत्यादि को उक्त क्रय-विक्रय के संबंध में उक्त भूमि पर कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा आपत्ति शून्य एवं अवैध माना जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 09.04.2026

एस. एस. चंदेल अधिवक्ता
पता- कृष्णानगर, रायपुर (छ.ग.)
मो. 94255 19873

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता **तीजू राम साहू पिता स्व. भरत सिंग निवासी- बांसकुड़ा, सिरपुर, महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.)** से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा **ग्राम बांसकुडा,** प.ह.नं. 00008, रा.नि.मं. सिरपुर, तहसील- महासमुंद व जिला महासमुंद (छ.ग.) स्थित भूमिस्वामी हक की कृषि भूमि खसरा नं. 886/4 रकबा 0.0800 हे., खसरा नं. 890/4 रकबा 0.0800 हे. कुल खसरा 2 कुल रकबा 0.1600 हेक्टेयर भूमि है। जिसको क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक फर्म, ट्रस्ट इत्यादि को उक्त क्रय-विक्रय के संबंध में उक्त भूमि पर कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा आपत्ति शून्य एवं अवैध माना जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 09.04.2026

एस. एस. चंदेल अधिवक्ता
पता- कृष्णानगर, रायपुर (छ.ग.)
मो. 94255 19873

Education Time

CARDINAL WARRIORS
ADMISSIONS OPEN 2026-27
Affordable School + Sainik School Preparation
"Build Discipline, Intelligence & Future Defence Leaders from Early Classes"
★ Integrated Abacus + Vedic Maths
★ AISSEE Exam Preparation (No Extra Cost)
★ Focus on NDA + SSB Foundation
★ Modern Science & Technology Lab
★ Transport Facility Available
★ Admission Closing Soon
Limited Seats - Register Now
7880006456

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
Admission Open For Pre Primary & Classes 1st - 12th (Maths, Bio, Arts, Com.)
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
Spoken English & Personality Development
Safe & Reliable Transport with Surveillance
Smart Learning with activity based teaching methods
Regular Seminars, competitions & interactive sessions
Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil Lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 94252-14413, 93296-21221

Bright Kids ACADEMY
Bright Kids - Where Fun Meets Learning!"
Activity-Based Curriculum for Happy, Smart Learners
ADMISSION OPEN! Session: 2026-27
PRESCHOOL Playgroup Nursery LKG UKG
DAYCARE CENTRE
Transportation Facilities Available
+91 96696 53335, 78282 53335
'Hands on... Minds on' Curriculum
Air-Conditioned Classrooms & Safe, Hygienic Campus
Smart Book Kits, DIY portal & Montessori Toy Library
Experienced, Caring Educators
CCTV Secured Campus
Web.: https://brightkidmont.com/schools/best-pre-school-in-raipur-bright-kids-academy
Address: Near Ramkrishna Hospital, Triveni Vihar, Pachpedi Naka Raipur (C.G.)

ROYAL PUBLIC SCHOOL
In Pursuit of Excellence
Admission Open
For Play Group, Pre-Primary, Classes 1st to 12th (Maths, Bio, Com. Arts)
Chourasiya Coloney Near, Simran City Santoshi Nagar, Raipur
Call - 0771-4913336, 9589085558,
Play, Learn and Grow... Together!
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre-Primary Classes

CARDINAL WARRIORS JUNIORS SCHOOL
Bhatagaon, Near Vardhman Motors, Raipur, C.G-492013
UDISE No: 22110417914
Most Affordable School With Integrated Abacus, Vedic Maths And All India Sainik School Exam Preparation Without No Any Extra Cost.
ADMISSION OPEN FOR REGISTRATION (Season 26-27)
Facilities: Abacus & Vedic Maths, Mnemonic and AISSEE, Science & Technology Lab, Transport Facility
Our Website - www.cardinalwarriors.com
Email Address - enquiry@cardinalwarriors.com
Affordable Fees 9303537872
Contact to Add Your School - 7987119756

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
वात रोग, घुटने के दर्द, पीठ व कमर दर्द, स्पॉन्डिलाइटिस, लिगामेंट के दर्द, साइटिका, गोल्फ एल्बो, फ्रोजन शोल्डर, शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO CRI C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर



"जय झूलेलाल"

# सिंधी भाषा दिवस

10 अप्रैल

## वाधायूं शुभकामनाऊं

मेरे अध्ययनकाल के अनुसार सिंधु संस्कृति 7000वर्ष से भी अधिक पुरानी सभ्यता है।।भारतवर्ष का जानकार व प्रबुद्ध वर्ग इसे मानता है।चूंकि यह सम्पूर्ण सत्य भी है।केवल "मोहन जोदड़ो"(मुअन जो दड़ो अर्थात मरे हुए इंसानों का टीला) एवं हड़प्पा के इतिहास के अध्ययन से भी हमें यह सही-सही जानकारी मिलती है।इस प्राचीनतम शहर के प्रचलित नाम। "मोहन जोदड़ो" को एशिया की विकसित सभ्यताओं का प्रमुखतम बाजार,जहां मुख्य व्यापार केन्द्र की नींव रखी गई थी,ऐसा माना जाता है।इतिहास कारों के अनुसार लिखा जाये,तो अविभाजित भारत (जिसमें इंडोनेशिया, अफगानिस्तान,भूटान, वर्मा,नेपाल,म्यामार, पाकिस्तान,बंगलादेश भी भारत का हिस्सा थे, जो शनैः शनैः विभाजित होते चले गये)का प्रमुख व्यापार केन्द्र ₹मोहन जोदड़ो₹ था।जहां से एशिया का प्रमुख व्यापार संचालित होता था।उक्त समयकाल में गाड़ियों की व्यवस्था नहीं थी,अतः तत्कालीन समयकाल में समुद्र मार्ग के जरीए ही समूचा व्यापार संचालित होता था।अधिकांश व्यापारी सिंधी एवं सिंधी भाषी होने के कारण व्यापार में सहूलियत हेतु एशिया एवं युरोप के अनेक व्यापारी सिंधी भाषा का ही प्रयोग करते थे।आपसे एक बेहद खूबसूरत बात मैं साझा करना चाहूंगा,आज भी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ रामायण "इंडोनेशिया" की राजधानी ₹बालीं₹ में होती है।जिसके सभी पात्र मुस्लिम होते हैं।।भाषा की खूबसूरती का सबसे बड़ा प्रमाण यह है,कि सिंधी भाषा का प्रथम शब्दकोष "जर्मनी" में प्रकाशित हुआ था और दूसरा शब्दकोष "इंग्लैंड" में छपा था।आज भी जर्मनी,जापान, सिंगापुर, हांगकांग, इंग्लैंड ,इंडोनेशिया व अरब देशों में एक बड़ा तबका आज भी सिंधी भाषा का प्रयोग करता है।इसी तारतम्य में लिखना चाहूंगा,यह सब व्यापारिक गतिविधियों के चलते होता था।प्रसिद्ध भाषाविद् एवं सिंधी भाषा के संरक्षक "डा.मोतीलाल जोतवानी" की थीसिस पर प्रसिद्ध विद्वेता "शाह अब्दुल लतीफ"(जिन्हें सिंधी भाषा के पितामह कहा जाता रहा है) एवं वर्तमान में 5जापानी (3पुरूष-2महिला) "डा.मोतीलाल जोतवानी" के शोध पत्र पर शोध कर रहे हैं।इतिहासकार बताते हैं,कि संस्कृत भाषा के बाद सर्वाधिक प्राचीन भाषा सिंधी होने से इससे सैकड़ों भाषाओं का अभ्युदय हुआ है, जैसे सिराइकी,ठरी, विचोली,लाड़ी,थरेली, लासी,कच्छी आदि।विश्व प्रसिद्ध 7 लोक कथाएं उमर मारूई,ससी पुन्हू,मीमल राणो,लीलन चनेसर,सुहिणी मेहार, सिराइकी सोरठ,नूरी जाम तमाची,सोरठ राय डियाच आदि पर नाट्य मंच हुए हैं।बलूचिस्तान में सिंधी भाषा को उपभाषा के रूप में आज भी उपयोग किया जाता है।लोककथा "नूरी जाम तमाची" पर विश्व विख्यात प्रसिद्ध एवं खूबसूरत नृत्य संचालिका "अनीला" के साथ अन्य लोक कथाओं पर भी नृत्य नाटिकाओं पर पर प्रस्तुति देकर सिंधी संस्कृति की अकल्पनीय सेवा की है।इससे सिंधी संस्कृति का प्रचार होता रहा है।एक प्रमुख चर्चा को आवश्यक जानकर लिखना चाहता हूं,कि अंचल के प्रसिद्ध रंगकर्मी "जयप्रकाश मसंद" के कुशल निर्देशन में नृत्य नाटिकाओं पर प्रस्तुति देकर सिंधी संस्कृति की अकल्पनीय सेवा की है।इससे सिंधी संस्कृति का प्रचार होता रहा है। प्रसिद्ध रंगकर्मी जयप्रकाश मसंद के कुशल निर्देशन में,नृत्य नाटिका "उमर मारवी" पर 25मिनट की नृत्य प्रस्तुति हुई थी।जिसे भारत सरकार ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंद्रकुमार गुजराल के हाथों प्रथम राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था।इनकी बहू सुधा मसंद भागचंदानी को सिंधी संस्कृति पर नृत्य हेतु आज भी सिंगापुर, हांगकांग,दुबई आदि से आमंत्रित किया जाता रहा है।दरअसल हम सिंधियों की किस्मत ही खराब थी, 1947में विभाजन काल में महात्मा गांधी व आचार्य कृपलानी के सम्पूर्ण प्रयासों के बाद भी सिंध प्रदेश अपने ही देश भारत में शामिल नहीं हो पाया और हम अपने ही देश में विस्थापित कहलाए। इसके बाद 3अगस्त1947 में आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) के द्वितीय संर संघचालक गुरूजी गोलवलकर जी की तत्कालीन समयकाल की सबसे बड़ी वृहद सभा हेतु कराची आगमन पर 20वर्षीय युवा लालकृष्ण अडवानी (पूर्व उपप्रधानमंत्री) ने एक लाख लोगों का पथ संचालन किया। तब घबराए हुए सिंधीयों को कुछ हद तक आत्मबल मिला।साधु वासवानी ने कहा था,इस विपदा की घड़ी में सदैव राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ खड़े होने एवं गुरूजी गोलवलकर के साथ रहने के उद्बोधन काफी हौसला अफजाई हुई।तत्कालीन समयकाल में सिंधी परिवारों को कितनी वेदना हुई होगी।जब 14अगस्त 1947 को रात्रि को सोते समय अपने देश में सोये थे एवं जिनकी 15 अगस्त 1947 को नवनिर्मित देश पाकिस्तान में आंख खुली।उनके हृदय की पीढ़ा को समझिए कुछ लोगों ने हमें शरणार्थी भी कहा।पं.नेहरू के सर्वाधिक करीबी मित्र सिंधी नेता चोइथराम गिदवानी संत साधु वासवानी के प्रबल आग्रह पर पं.नेहरू के बाद अटल बिहारी बाजपेयी के आग्रह पर विद्याचरण शुक्ल के हस्तक्षेप के बाद संविधान में 21वें संशोधन के रूप में आठवीं अनुसूची के तहत 10अप्रेल1967 को भाषा का सम्मानजनक दर्जा मिला।तबसे सिंधी समाज इस दिन को "सिंधी भाषा दिवस" के (पर्व को सम्मानजनक) रूप में मनाते आ रहे हैं।

आलेख:विशेषज्ञ: दिनेश आनंद अठवानी
प्रवक्ता: चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति,सिंधी समाज रायपुर
पूज्य छग सिंधी सेवा महापंचायत




























# ईएमआई की सुविधा से भारत गौरव ट्रेन में बढ़ा यात्रियों का रुझान, बुकिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ट्रेन के जरिए धार्मिक यात्रा करने के लिए आईआरसीटीसी समय-समय पर योजनाएं तैयार करता है। बीते कुछ वर्षों में सात ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के लिए जब से आईआरसीटीसी ने भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन में ईएमआई बुकिंग की सुविधा शुरू की है, यात्रियों का रुझान इस ट्रेन की ओर तेजी से बढ़ा है। पहले टिकट और अन्य सुविधाओं का एकमुश्त खर्च अधिक होने से कई यात्री इस ट्रेन से यात्रा करने से पीछे हट जाते थे। इस वजह से कई बार ट्रेन की सीटें खाली भी रह जाती थीं। अब ईएमआई की सुविधा के तहत 900 से 1000 रुपए की आसान किस्तों के साथ यात्री ट्रेन की बुकिंग करवा रहे हैं और ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का लाभ ले रहे हैं। हरिभूमि की पड़ताल में पता चला कि रायपुर से कई यात्रियों ने 27 अप्रैल से 8 मई के बीच होने वाली भगवान शिव के सात ज्योतिर्लिंगों की यात्रा के लिए भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का टिकट ईएमआई पर बुक कराया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के आईआरसीटीसी अधिकारियों ने बताया कि कई यात्रियों को एकमुश्त पेमेंट करने में दिक्कत होती थी। ऐसे यात्री अब यात्रा का खर्च आसान किस्तों के जरिए चुका सकते हैं। इस पहल से न केवल दपूमरे जोन, बल्कि देशभर के विभिन्न जोनों से तीर्थयात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है। अब आईआरसीटीसी की इन धार्मिक यात्राओं में सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी बढ़ रही है। 40 प्रतिशत लोग ईएमआई का विकल्प चून रहे हैं।

- 900 रुपए की आसान किस्तों में कर रहे 7 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन



### ट्रेन में मिली है आधुनिक सुविधाएं

रेलवे द्वारा चलाई जाने वाली टूरिस्ट ट्रेन, अलग-अलग बजट के हिसाब से कई कैटेगरी देती है, साथ ही एक आरामदायक तीर्थ यात्रा का अनुभव भी देती है। पैकेज में 2एसी, 3एसी और स्लीपर क्लास कोच में यात्रा के साथ-साथ शाकाहारी खाना, नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना शामिल है। भक्तों को चुनी गई कैटेगरी के आधार पर एसी या नॉन-एसी बसों से स्थानीय दर्शनीय स्थलों को दिखाया जाता है।

*नुकसान से बचाव, यात्रियों को भी मिली सहूलियत : पहले पर्याप्त यात्री नहीं मिलने के कारण कई बार रेलवे को परिचालन में नुकसान उठाना पड़ता था। ईएमआई की सुविधा शुरू होने से यह समस्या भी दूर हो गई है। अब यात्री सेकंड एसी (प्रीमियम) की 53,260 रुपए की महंगी टिकट को भी सालभर की आसान किस्तों में बुक करवा रहे हैं। इसके अलावा यह सुविधा 23,500 रुपए वाले स्लीपर कोच के टिकट पर भी उपलब्ध है। यात्री आईआरसीटीसी के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर, जरूरी टूर डिटेल्स दर्ज करके और अपना पसंदीदा पेमेंट ऑप्शन चुनकर इस ईएमआई सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। बुकिंग के दौरान सिस्टम यात्रियों को एकमुश्त भुगतान या ईएमआई का विकल्प देता है, जिससे यात्रियों को अपने बजट के अनुसार टिकट बुक करने में ज्यादा आसानी और सहूलियत मिलती है।*

### 12 दिन की यात्रा, 751 सीटें और तीन कैटेगरी में सफर का विकल्प

27 अप्रैल से 8 मई (11 रातें और 12 दिन) तक सात ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के लिए इस यात्रा के लिए ट्रेन में कुल 751 बर्थ हैं। इनमें 2 एसी की 49, 3 एसी की 210 और स्लीपर क्लास की 492 सीटें शामिल हैं। इकॉनमी कैटेगरी (स्लीपर क्लास) में इसका किराया प्रति व्यक्ति 23,500 रुपए और बच्चों (5–11 साल) के लिए 22,160 रुपए है। इसमें स्लीपर कोच में सफर, डबल या ट्रिपल शेयरिंग के आधार पर नॉन-एसी होटलों में रुकना, बेसिक 'वॉश एंड चेंज' की सुविधा और घूमने के लिए नॉन-एसी लोकल ट्रांसपोर्ट शामिल है। स्टैंडर्ड कैटेगरी (थर्ड एसी) में इसका किराया प्रति व्यक्ति 40,000 रुपए और बच्चों के लिए 38,430 रुपए है। इसमें थर्ड एसी कोच में सफर, डबल या ट्रिपल शेयरिंग पर एसी होटलों में रुकना, 'वॉश एंड चेंज' के लिए नॉन-एसी कमरे और घूमने के लिए नॉन-एसी लोकल ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था शामिल है। कम्फर्ट कैटेगरी सेकंड एसी इस प्रीमियम पैकेज की कीमत प्रति व्यक्ति 53,260 रुपए और बच्चों के लिए 51,370 रुपए है। इसमें सेकेंड एसी में सफर, एसी होटलों में रुकना, 'वॉश एंड चेंज' के लिए एसी कमरे और स्थानीय भ्रमण के लिए एसी ट्रांसपोर्ट की सुविधा मिलती है।

## खबर संक्षेप



### अवतरण दिवस पर वीआईपी चौक में किया प्रसाद वितरण

**रायपुर**। योग वेदांत सेवा समिति द्वारा वीआईपी रोड स्थित आश्रम में संत आशाराम बापू का अवतरण दिवस अर्थात 'विश्व सेवा-सत्संग दिवस' पर विभिन्न निस्वार्थ सेवा कार्यों को करते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रीराम मंदिर, वीआईपी चौक में युवा सेवा संघ एवं महिला उत्थान मंडल के सेवादारों द्वारा पुलाव, हलवा, शर्बत एवं सत्साहित्य का वितरण किया गया। इसके बाद गरीबों, जरूरतमंदों में भंडारा व जीवनोपयोगी सामग्रियों का वितरण भी किया गया। इस निमित्त इन स्थानों पर आम भण्डारों का आयोजन किया गया, जिनका लाभ भनपुरी चौक, महादेव घाट, लालपुर, पचपेड़ी नाका, जयस्तंभ चौक के हजारों नगरवासियों ने लिया। साधकों ने भगवन्नाम कीर्तन पर सामूहिक नृत्य भी किया। कार्यक्रम में तुलसी कौशिक, संतोष यदु, विधायक पुरंदर मिश्रा, पंकज जगत, लेखराम साहू सहित योग वेदांत सेवा समिति, युवा सेवा संघ, महिला उत्थान मंडल, बाल संस्कार विभाग, ऋषि प्रसाद, लोक कल्याण सेतु के सेवादार तथा हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### कांग्रेस मोहब्बत की दुकान बोलकर, फैला रही है नफरत का कचरा : श्रीवास्तव

**रायपुर**। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे द्वारा एक जनसभा में दिए गए भाषण, जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है, को लेकर छत्तीसगढ़ में भी जमकर बवाल हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने इस बयान की तीखी निंदा की है तथा कहा है कि यह तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है। कांग्रेस को इसका भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि कांग्रेस के नेता मोहब्बत की दुकान की बातें करते रहे हैं और इसका खूब प्रचार किया गया, अब दिख रहा है कि मोहब्बत की दुकान से यह लोग नफरत का कितना अधिक कचरा फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहुसंख्यक वर्ग को नीचा दिखाकर कांग्रेस कभी भी सत्ता में नहीं आ सकेगी। श्री श्रीवास्तव ने कहा है कि कांग्रेस के नेता आखिर ऐसा बोल कैसे लेते हैं, इन लोगों में इतना साहस कहां से आता है। क्या इन लोगों को यह नहीं मालूम कि इसका उन्हें, सभी क्षेत्रों में बहुत करारा जवाब मिलेगा।

### समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी में इस्तेमाल किए गए थे ये बारदानें

# जर्जर बंद भवन में पड़े-पड़े सड़ गल गए करोड़ों रुपए के बारदाने

*भवन में रिकार्ड भी हो रहे खराब : भवन में मार्कफेड का ऑफिस भी था। बारदानों से लेकर अन्य रिकार्ड अभी भी इसी खंडहर भवन में रखे हुए हैं। ये सारे रिकार्ड लावारिस की तरह यहां पड़े हुए हैं, जिनमें से कई खराब भी हो चुके हैं। सूत्रों की मानें, तो इन रिकार्ड में कई महत्वपूर्ण भी दस्तावेज हैं, जिनमें आय-व्यय, बिल एवं बारदानों के हिसाब-किताब हैं। ये सारे रिकार्ड अब नस्ट होने की कगार पर हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में मार्कफेड अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। तेलघानी नाका चौक के पास स्थित मार्कफेड का खाली पड़ा पुराना भवन जो अब खंडहर में बदल चुका है, में पिछले कई साल से लगभग एक हजार गठान पुराने बारदाने पड़े हुए हैं, जो सड़-गलकर खराब हो चुके हैं। इससे शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है।

इधर इस मामले में सहकारी विपणण संघ मर्यादित के जिला अधिकारी का कहना है कि यह बारदाना कई साल पुराना है। पुराना बारदाना का टेंडर होता है, जो मुख्यालय से किया जाता है। टेंडर क्यों नहीं हुआ, इसकी जानकारी मुख्यालय से ही मिल पाएगी।

### वर्ष 2022-23 में खरीदे गए थे बारदाने, 2023 से डंप

सूत्रों से जानकारी मिली है कि मार्कफेड के पुराने खाली पड़े भवन में बारदानों के एक हजार गठान पड़े हुए हैं। प्रत्येक गठान में 500-500 बारदाने हैं। इस तरह लगभग 5 लाख बारदाने यहां पड़े हुए हैं। प्रति बारदाना की कीमत बाजार में लगभग 54 रुपए है। संभवतः इसी कीमत पर बारदानों को वित्तीय वर्ष 2022-23 में खरीदा गया था। बारदानों की खरीदी समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी के लिए हुआ था। इसके बाद इन पुराने बारदानों को इस भवन में डंप कर दिया था, जो अब तक यहीं डंप हैं।

### भवन की दीवार तक ढह गई

जिस भवन में बारदानों को रखा गया है, उसकी एक तरफ की दीवार तक ढह चुकी है। भवन की स्थिति और डंप बारदानों की स्थिति को देखकर यह भी संभावना जताई जा रही है कि बारदाने खराब होने का एक कारण रखरखाव भी है। बारदानों के गठानों को एक के ऊपर एक जमाकर रखा गया है, लेकिन उसे किसी भी प्रकार की प्लास्टिक पन्नी से ढका नहीं गया है। संभवतः बारिश का पानी अंदर जाने एवं दीमक लगने से सभी बारदाने सड़-गल गए हैं।



### कई साल पहले के बारदाने

मेरे कार्यकाल का नहीं है। कई साल पहले के बारदानें हैं। लगभग एक हजार गठान खराब हो गए हैं। इसे अब कोई नहीं खरीदेगा। पुराने बारदानों की बिक्री के लिए मुख्यालय से टेंडर होता है। समय पर टेंडर होता, तो शासन को नुकसान नहीं होता।
- **जसबीर सिंह बघेल**, डीएमओ, सहकारी विपणण संघ मर्यादित रायपुर

### *जर्जर होने के कारण भवन पिछले 4 साल से बंद*

*जिस भवन में बारदानों के गठान रखे हुए हैं। वह भवन जर्जर होने के कारण पिछले करीब 4 साल से बंद है। इस भवन का उसके बाद उपयोग ही नहीं हुआ। यही कारण है कि यहां डंप बारदानों को बेचने के लिए विभाग के अधिकारियों की ओर से कोई पहल भी नहीं की गई। हालांकि सूत्र से यह भी जानकारी मिली है कि 2 साल पहले इन बारदानों की स्थिति को देखते हुए किसी ने एक-दो रुपए प्रति बारदाना की दर से इसे खरीदने की पेशकश की थी, लेकिन रेट कम होने के कारण इसे बेचा ही नहीं गया।*

# वेटलैंड को बचाने में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) द्वारा रांची में आयोजित दो दिवसीय 'एकम डायलॉग्सः संवाद से निर्माण' कार्यक्रम का समापन गुरुवार को किया गया। यह आयोजन क्षेत्रीय विकास एवं रेसिलिएंस को मजबूत करने के उद्देश्य से साझा संवाद और निर्माण के जरिए समाधानपरक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।

दो दिवसीय इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, ग्रासरुट चेंजमेकर्स, उद्योग-व्यापार जगत, सामाजिक उद्यमी, विशेषज्ञ और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, उसके बाद 'एकम सम्मान' के तहत झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार और ओडिशा के चेंजमेकर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी मौजूद थे। इसी कड़ी में वेटलैंड (आद्र भूमि) बचाने, भूजल स्तर बढ़ाने, तालाबों को संरक्षित करने के कार्य सनातनी मूल्यों को ध्यान में रखकर सामाज के सहयोग से नागरिक कर्तव्य और नागरिकों को इस विषय को लेकर जागरूक करने वाले छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्र को 'एकम डायलॉग्सः संवाद से निर्माण' द्वारा सम्मानित किया गया। प्रभात मिश्र रायपुर और ग्रामीण क्षेत्रों में वेटलैंड को बचाने और भूजल स्तर बढ़ाने के लिए अनेकों कार्य करते रहें हैं। इस कार्यक्रम को सीड, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रमापति कुमार, तरुण भारत संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, एमिटी विश्वविद्यालय कुलपति प्रो डॉ. पीयूषकांत पांडे ने संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में केन्द्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# नवमी कक्षा में जिस भाषा का चयन, दसवीं में करना होगा उसका ही अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 और 10 में भाषा विषयों को लेकर छात्रों, अभिभावकों और स्कूलों की शंकाओं को दूर करने के लिए अधिसूचना जारी की है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि सत्र 2026-27 में दसवीं कक्षा के छात्र वही भाषाएं पढ़ेंगे, जो उन्होंने नवमी कक्षा में चुनी थी। नवमी कक्षा की मूल्यांकन प्रणाली ही कक्षा 10 में भी लागू रहेगी, अर्थात कोई नया बदलाव नहीं होगा। छात्र अपनी पुरानी भाषाओं को ही जारी रख सकेंगे। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के कुछ प्रावधान नवमी कक्षा में सत्र 2029-30 तक लागू नहीं होंगे, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण बदलाव इस सत्र से ही लागू हो रहे हैं। नवमी कक्षा में वैकल्पिक तीसरी भाषा सत्र 2028-29 तक ली जा सकती है। हिंदी और उर्दू के लिए एनसीईआरटी की पुस्तकें दोनों स्तरों पर उपलब्ध होंगी। अंग्रेजी विषय में बड़ा बदलाव किया गया है। अब 'इंग्लिश कम्यूनिकेटिव' को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। अब केवल एक ही विषय इंग्लिश पढ़ाया जाएगा, जिसके लिए नई एनसीईआरटी पुस्तकें लागू होंगी।



### *भाषा चयन के नियम*

*सीबीएसई ने भाषा चुनते समय कुछ सख्त नियम भी तय किए हैं। प्रथम और द्वितीय भाषा अलग-अलग स्तर पर ही ली जा सकती हैं। एक ही भाषा को दोनों स्तर में नहीं चुना जा सकता। सीबीएसई ने सभी संबद्ध स्कूलों से कहा है कि वे इस नई सूचना को छात्रों और अभिभावकों तक तुरंत पहुंचाएं ताकि विषय चयन के समय किसी प्रकार की भ्रम या गलतफहमी न हो। स्कूलों को चाहिए कि वे छात्रों को सही तरीके से गाइड करें और नई व्यवस्था के अनुसार विषय चयन करवाएं।*

# अमलीडीह मुख्य मार्ग पचपेड़ी नाका सर्विस रोड को कराया अतिक्रमण मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला, जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेश और निगम आयुक्त विश्वदीप तथा यातायात एसपी अजय कुमार के निर्देश पर टीम प्रहरी अभियान चलाया गया। इसमें अमलीडीह मुख्य मार्ग सहित राष्ट्रीय राजमार्ग 53, पचपेड़ीनाका सर्विस रोड में यातायात बाधित करने वाले 15 ठेले, गुमटियों को हटाया गया। सामान की जब्ती की गई।

टीम प्रहरी के सदस्यों ने दुकानदारों को एक बार फिर स्पष्ट हिदायत दी है कि वे किसी भी हालत में सड़क पर कब्जा ना करें, इससे ट्रैफिक जाम की समस्या होने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। गुरुवार को टीम प्रहरी अभियान के जोन क्रमांक 10 अंतर्गत अमलीडीह मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने कड़ाई बरती गई। टीम प्रहरी अभियान से शहर के विभिन्न प्रमुख बाजार क्षेत्रों में और मुख्य मार्गो का यातायात सुगम और सुव्यवस्थित हो रहा है, इससे लोगों को राहत मिली है। इस अभियान में एएसपी यातायात विवेक शुक्ला, नगर निगम अपर आयुक्त पंकज शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश आशुतोष सिंह, जोन 10 कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा, कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला, सहायक अभियंता योगेश यदु, सुशील अहीर, उपअभियंता अजय श्रीवास्तव, राहुल थारानी सहित पुलिस प्रशासन, यातायात विभाग, निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग उड़न दस्ता, जोन 10 नगर निवेश विभाग की टीम की सहभागिता रही।



- 15 ठेलों, गुमटियों को हटाया
- सड़क पर कब्जा कर रखे सामान की जब्ती

# दुकान का क्यूआर कोड बदलकर ग्राहकों के पैसे अपने अकाउंट में कराया ट्रांसफर

**रायपुर**। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में काम करने वाले सेल्समैन के खिलाफ दुकान संचालक ने यूपीआई का क्यूआर कोड बदलकर ग्राहकों के पैसे अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर 1.43 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

टैगोर नगर में यूनिवर्सल सर्विसेस के नाम से इलेक्ट्रिकदुकान संचालित करने वाले गौरव डागा ने शुभम देवांगन के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि शुभम ने चालाकी से दुकान के क्यूआर कोड की जगह अपना क्यूआर कोड ग्राहकों को स्कैन कराया और भुगतान सीधे अपने खाते में ले लिया। मामले का खुलासा तब हुआ, जब ग्राहकों ने पैसे देने के बाद भी दुकान संचालक को माल नहीं मिलने की जानकारी दी। शुभन ने चार ग्राहकों के पेमेंट अपने यूपीआई के क्यूआर कोड में ट्रांसफर कराकर उनसे ठगी की है।



- कोतवाली थाना क्षेत्र में संचालित एक इलेक्ट्रिक दुकान के सेल्समैन ने की गड़बड़ी

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह को राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह (डीएसपीएम) कोरबा पूर्व ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने बताया, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा जारी रिपोर्ट में हमारे संयंत्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

श्री कटियार ने बताया यह हमारे कुशल प्रबंधन एवं संयंत्रों के नियमित रख-रखाव का परिणाम है कि निर्धारित मापदण्डों से कई ज्यादा हमारे संयंत्र ने परफॉर्म कर राष्ट्रीय स्तर पर यह कीर्तिमान हासिल किया है। डीएसपीएम के दोनों (2×250 मेगावॉट) क्षमता के विद्युत इकाईयों ने 2025-26 में 91 प्रतिशत पीएलएफ (प्लांट लोड फैक्टर) अर्जित किया है। डीएसपीएम ने सीईए (केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण) एवं सीएसईआरसी (छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेग्युलेटरी कमीशन) के निर्धारित लक्ष्य 85 प्रतिशत से भी अधिक 91 प्रतिशत पीएलएफ प्राप्त कर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी का गौरव बढ़ाया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी ने एक और उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के वार्षिक मूल्यांकन में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन का समग्र प्रदर्शन भी अच्छा रहा है जिसमें 33 संस्थाओं में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी को तीसरा स्थान मिला है।

- 91 प्रतिशत पीएलएफ के साथ डीएसपीएम संयंत्र ने रचा कीर्तिमान

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गॉव (भारत का अंतिम गॉव), धारी देवी, चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर 21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# वीआईपी रोड की विधायक कालोनी के पास बिना सीमांकन के नाला निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के वीआईपी रोड स्थित विधायक कालोनी के पास 500 मीटर नाला निर्माण का काम चल रहा है, इसे लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा कि नाले के अवैध कब्जे का मामला पूरी तरह सुलझा नहीं है और सीमांकन की प्रक्रिया पूरी किए बिना नाला निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है। न तो इसकी सूचना संबंधित वार्ड के पार्षद को दी गई, न ही बिना लिखित अनुमति के काम किया जा रहा है। यह गलत है, सीमांकन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही नाले का पुनर्निमाण होना चाहिए। दरअसल, नगर निगम जोन 9 क्षेत्र अंतर्गत स्थित लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में वीआईपी रोड स्थित विधायक कालोनी लभांडी से अविनाश वन होते हुए एनएच 51 तक नाला पुनर्निमाण कराया जा रहा है। इसके लिए 1 करोड़ 94 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। नाले में अवैध कब्जा की शिकायत पर इसका विस्तृत सीमांकन कर प्रतिवेदन रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया। नाले में अवैध कब्जे की शिकायत करते हुए वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने जोन 9 कमिश्नर को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी भी थी। उन्होंने मांग की थी कि पहले नाले का सीमांकन कराया जाए, उसके बाद ही निर्माण शुरू हो, लेकिन जोन कमिश्नर ने पटवारी को पत्र लिखकर सीमांकन करने कहा था और सीमांकन के बाद ही काम शुरू करना था, लेकिन बिना किसी जानकारी के काम एक माह से चल रहा है। पार्षद की आपत्ति के बाद भी काम नहीं रुका।



- स्थल पर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष ने जताया ऐतराज
- लाल बहादुर शास्त्री वार्ड का मामला, वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू की आपत्ति के बाद भी नहीं रुका काम

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur